

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक कार्यक्रम में उज्ज्वला गैस योजना के तहत कनेक्शन वितरित करते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 56 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group







## 'देश की प्रगति रेल गति से आगे बढ़ रही'

### पीएम ने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी, आज के भारत ने छोटे सपने देखना छोड़ दिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया।

**छोटे सपना देखना छोड़ाः** पीएम मोदी ने कहा, 'आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड से करता है। आज भारत जो करता है...अभूतपूर्व स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।' उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरूआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी से जिस स्केल और स्पीड से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

आज यूपी के गोमती नगर के जिस रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं।


#### '10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा'

**पीएम ने** कहा कि बीते 10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है और रेलवे में परिवर्तन तो साक्षात हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। जो कभी कल्पना में सोचते थे, आज हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। एक दशक पहले तक अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी, एक दशक पहले तक नमो भारत जैसी शानदार रेल सेवा के बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं था। रिपोर्ट के अनुसार, 533 रेलवे स्टेशनों को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से चुना गया है। स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 'रक्षा विनिर्माण नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को पुणे के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर में महाराष्ट्र एमएसएमई रक्षा एक्सपो-2024 का दौरा किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, निर्यात और एफडीआई आकर्षण में प्रमुख योगदान देने वाले राज्यों में महाराष्ट्र का उल्लेख किया जाना चाहिए। रक्षा क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति के बाद रक्षा विनिर्माण नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से आयोजित एमएसएमई एक्सपो महाराष्ट्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, निजी कंपनियों, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (डीपीएसयू) की स्वदेशी क्षमताओं और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है।



## डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिएः मुर्मू



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को नई दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए।राष्ट्रपति ने आगे कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और क्लस्टर्ड रेगुलर इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट (सीआरआईएसपीआर) जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और ह्यवन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए।

#### दीक्षांत समारोह

8 आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया

## न्यूज फ्लैश

### 'पल्ला में 50 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव पहले से ही विचाराधीन'

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री अनिल विज ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, खेड़ी कलां के अर्न्तगत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पल्ला में एक 50 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव पहले से ही विचाराधीन है और तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी से श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय मेडिकल कॉलेज छायंसा 20 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है । श्री विज आज यहां हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र 2024 के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि माता अमृतानंदमयी मठ द्वारा संचालित एक निजी मेडिकल कालेज अर्थात अमृता स्कूल ऑफ मेडिसन 5 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है।

### चिन्हित की गई बिल्डिंग्स में खुलेंगी ई-लाइब्रेरीज और महिला संस्कृति केंद्र- देवेन्द्र सिंह बबली

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि महिला संस्कृति केंद्र खोलने हेतु एक गांव गढ़ी रूथल में मौजूदा भवन में नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है। महिला संस्कृति केन्द्रों में सामग्री/उपकरणों के लिए निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जैसे ही निविदा को अन्तिम रूप दिया जाएगा, महिला संस्कृति केन्द्र खोला जाएगा। श्री बबली आज विधानसभा के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ई-लाइब्रेरी और महिला संस्कृति केंद्रों के लिए बिल्डिंग्स को चिन्हित किया गया है। उन्होंने सदन को अवगत करवाया कि जो ग्राम पंचायतें 300-600 वर्ग फुट क्षेत्रफल के मौजूदा भवनों के लिए प्रस्ताव पारित करेगी, उन ग्राम पंचायतों में महिला संस्कृति केंद्र खोलने हेतु विचार किया जाएगा।

### रोहतक में 4 एकड़ जमीन पर अतिरिक्त जल घर बनेगा- बनवारी लाल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा के रोहतक में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए 4 एकड़ जमीन पर अतिरिक्त जल घर बनेगा। इसके लिए जमीन का चयन किया जा रहा है। जन स्वास्थ्य मंत्री आज विधानसभा सत्र के दौरान पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पेयजल सप्लाई में गंदे पानी की समस्या का निदान करने के लिए विभाग द्वारा जांच कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पाइप लाइनों में ठहरे हुए पानी को नागरिक मोटरों से उठाने का प्रयास करते है जिससे गंदे पानी की सप्लाई आती है इसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त एवं विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शहर में निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करें और पेयजल में गंदे पानी की सप्लाई पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए।

### रेवाड़ी नगर परिषद के भ्रष्टाचार के मामलो मे शीघ्र की जाएगी कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि रेवाड़ी नगर परिषद में भ्रष्टाचार के मामलो में जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी ।यह मुद्दा कांग्रेस सदस्य चिरंजीव राव के सवाल पर चर्चा में आया।

# सीबीआई करेगी नफे सिंह राठी की हत्या की जांच: अनिल विज

### इस हत्याकाण्ड के दोषियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी- अनिल विज, पुलिस इस हत्याकाण्ड की गहनता से जांच कर रही है- विज

**जांच जारी**

**8 नफेसिंह राठी के भतीजे द्वारा राजनीतिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है : विज**





टीम एक्शन इंडिया


**चंडीगढ़:** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक श्री नफे सिंह राठी की हत्या के मामले की जांच सीबीआई (केन्द्रीय जांच ब्यूरो) से करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस हत्याकाण्ड के दोषियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री विज आज यहां विधानसभा में बजट सत्र के दौरान लाए गए काम रोको प्रस्ताव के संबंध में अपना जवाब दे रहे थे। गृह मंत्री ने इस हत्याकाण्ड पर दुख जताते हुए कहा कि यदि विधानसभा के सदन की तसल्ली सीबीआई जांच से होती है तो इस हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाई जाएगी। श्री विज ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और श्री नफे सिंह राठी उनके साथ वर्ष 1996 और 2000 में विधायक रहे और वे उनके अच्छे मित्र भी थे।

**नफेसिंह राठी के भतीजे द्वारा राजनीतिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है:** श्री विज ने कहा कि जैसे ही उन्हें इस हत्याकाण्ड की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत प्रभाव से पुलिस महानिदेशक, झज्जर के पुलिस अधीक्षक और एसटीएफ के प्रमुख से बात की और इस मामले की जांच को एसटीएफ के प्रमुख को सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पुलिस इस मामले में जांच कर रही है और जांच के संबंध में कई पहलुओं के बारे में वे सदन को नहीं बता सकते हैं लेकिन इस हत्याकांड की गहनता से जांच की जा रही है। गृह मंत्री ने कहा कि इस हत्याकाण्ड में श्री नफे सिंह राठी के भतीजे द्वारा राजनीतिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

**यदि कोई पत्र उनके कार्यालय में आए और काम न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता:** सदन में इस हत्याकाण्ड के संबंध में विपक्ष द्वारा उठाए गए श्री नफे सिंह राठी के द्वारा मांगी गई सुरक्षा के सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि यह सही है कि श्री नफे सिंह राठी जी ने सुरक्षा मांगी थी और झज्जर के पुलिस अधीक्षक को 14 जुलाई, 2022 को सुरक्षा के संबंध पत्र प्रस्तुत किया था और इस संबंध में 343 नंबर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके उपरांत पुलिस ने उनको मिलने वाली धमकियों के बारे में तफतीश की, और तफतीश में पाया कि कलकता का एक व्यक्ति उन्हें टेलीफोन पर धमकियां देता था, जिसे पकडा गया। इसके अलावा, श्री विज ने कहा कि इस बारे में उनके कार्यालय में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ था, यदि कोई पत्र उनके कार्यालय में आए और काम न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता।

**कांग्रेस के राज में बढे अपराध को हमने थामा- विजः** श्री विज ने पुलिस की कार्य प्रणाली के संबंध में कहा कि अपराध बढा, परंतु कब बढा, और किसने गुण्डागर्दी बढाई, मैं बताता हूं, कांग्रेस के राज में गुण्डागर्दी बढी। गृह मंत्री ने अपराध के आंकडों के बारे में जानकारी सांझा करते हुए कहा कि हत्या के वर्ष 2005 में 784 मामले थे जो 2014 में बढकर 1106 हुए। इसी प्रकार, डकैती वर्ष 2005 में 88 थी, जो वर्ष 2014 में बढकर 172 हो गई।

## 'राज्य सरकार जीएसडीपी की 3 प्रतिशत की सीमा के अंदर ही ले रही है ऋण'



काजल रानी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिया जाने वाला ऋण जीएसडीपी के अनुपात यानि 3 प्रतिशत की सीमा के अंदर ही है। विकास के अनुरूप जैसे जैसे प्रदेश की जीएसडीपी बढ़ती है, उसी के अनुपात में ऋण लेने की सीमा में भी वृद्धि होती है। जीएसडीपी के अनुपात में जितना ऋण लेना चाहिए, राज्य सरकार उस सीमा में ही ऋण ले रही है। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने समय का कर्ज 70 हजार करोड़ रुपये बताते हैं, जबकि उन्हें बिजली निगमों का 27 हजार करोड़ रुपये का कर्ज भी जोड़ना चाहिए। उनके इस 27 हजार करोड़ रुपये को हमने सरकार के खाते में लिया और इस कर्ज को

**अवगत कराया**

**8 कांग्रेस के नेता अपने समय का कर्ज 70 हजार करोड़ रुपये बताते हैं : सीएम मनोहर लाल**

पांच साल में उतारना था। अगले साल तक यह उतर जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता यदि इस 27 हजार करोड़ रुपये की राशि को अपने कर्ज की राशि में नहीं जोड़ते हैं, तो हमें भी इस राशि को कम करके कर्ज बताना पड़ेगा। इसके अलावा, पिछली सरकार का सार्वजनिक उपक्रमों के कर्ज में से भी 17 हजार करोड़ रुपये कम किया है। मनोहर लाल ने कहा कि वित्त आयोग के अनुसार जीएसडीपी के 3 प्रतिशत तक के अनुपात में सरकार द्वारा ऋण लिया जा सकता है।


## 'बरवाला शहर में चार तालाबों के सौंदर्गीकरण के लिए कार्य शुरू होगा'

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि बरवाला शहर में चार तालाबों के सौंदर्गीकरण के लिए हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण से स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा तथा इसे पूरा होने में डेढ़ वर्ष का समय लगेगा। डॉ. कमल गुप्ता आज हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दौरान विधायक श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि नगरपालिका बरवाला शहर की सीमा में पांच तालाब हैं, जिनके नाम दलेशर तालाब, टोकन तालाब, सियानी तालाब/सैनी तालाब, बूनही तालाब/गुढ़ी तालाब और पीर तालाब शिव घाट तालाब हैं तथा सभी पांच तालाबों के जीर्णोद्धार व नवीनीकरण का कार्य विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि तीन तालाबों को तैयार करने के लिए राशि भी स्वीकृत हो चुकी है।

## विधानसभा के बजट सत्र के दौरान दो विधेयक पारित किए गए

अंकुश जैन



**चंडीगढ़:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज दो विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण विधेयक, 2024 तथा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) हरियाणा संशोधन विधेयक, 2024 शामिल हैं। यह अधिनियम हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण विधेयक,2024 कहा जाएगा और राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से लागू होगा। भारतीय परम्परा के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में महाभारत के युद्ध क्षेत्र में अर्जुन को श्रीमद् भगवद् गीता का शाश्वत सन्देश दिया था। यह प्रसंग कलयुग के शुरू होने से लगभग 36 वर्ष पहले घटित हुआ माना जाता है। तदानुसार, 5160 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण द्वारा श्रीमद् भगवद् गीता का सन्देश दिया गया था। हिन्दू कलैन्डर के अनुसार गीता जयन्ती मार्गशीर्ष माह के शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है जो कि कभी नवम्बर अथवा कभी दिसम्बर मास में आती है।

कुरुक्षेत्र की पुरानी विरासत तथा परम्परा को बचाने हेतु, हरियाणा सरकार द्वारा पहली अगस्त, 1968 को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का गठन किया गया था। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा वर्ष 1989 से कुरुक्षेत्र में गीता जयन्ती महोत्सव मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सौजन्य से श्रीमद् भगवद् गीता का महोत्सव वर्ष 2016 से अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस महोत्सव द्वारा शाश्वत शांति सन्देश, सद्भाव एवं भाईचारा जो श्रीमद् भगवद् गीता में विद्यमान है, को पूरे ब्रह्माण्ड में साझा करने का उद्देश्य है। यह महोत्सव कुरुक्षेत्र, जिसको धर्मक्षेत्र या धार्मिक भूमि भी कहा जाता है, में 18 दिन तक मनाया जाता है। यह महोत्सव कुरुक्षेत्र की भूमि से जुड़ी महान सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक परम्पराओं को दशार्ने का मौका देता है। कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त, पूरे हरियाणा राज्य में भी यह महोत्सव तीन दिन के लिये मनाया जाता है।

## मान सिंह गुर्जर बीएसपी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:**

**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में बढ़ते अपराध को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी की ज्वाइनिंग कमिटी के चेयरमैन ओमप्रकाश गुर्जर और प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी मौजूद रहे। इससे पूर्व, आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर डॉ. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में



सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। नारायणगढ़ विधानसभा से दो बार विधायक का चुनाव लड़ चुके चौधरी मान सिंह गुर्जर बीएसपी छोड़कर, अंबाला कैंट विधानसभा से भूपेन्द्र कुमार छोकर, अंबाला सिटी विधानसभा से समाजसेवी देवेंद्र सिंह अंतिल, रजत कुमार कांग्रेस छोड़कर, पूर्व सरपंच महिंद्रपाल और पंचकुला विधानसभा से सुमित वाल्मीकि, राजेश राजा, धर्मपाल लौट और वीरेंद्र राजपूत अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आज के समय में हरियाणा अपराध में नंबर वन हो गया है। सीएम खट्टर के राज में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, प्रदेश के व्यापारी डर के माहौल में जीने को मजबूर हैं और हरियाणा में लगातार गैंगस्टर्स का आतंक बढ़ रहा है।

**आप का दामन**

**8 परिजनों ने भाजपा नेताओं पर लगाया नफे सिंह राठी की हत्या का आरोप: डॉ. सुशील गुप्ता**

## 'पानीपत में एनएच 44 पर जो एलिवेटेड हाईवे रोड बनाया गया

काजल रानी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत में एनएच 44 पर जो एलिवेटेड हाईवे रोड बनाया गया है, उसमें से असंध, सफीदों और शामली की तरफ जाने वाले रोड़ पर एंट्री एवं एक्जिट बनाए जाएंगे जिसके लिए अनुमति हेतु केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द से जल्द ये एंट्री-एक्जिट प्वाइंट बना दिए जाएंगे। इससे पानीपत में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहायता मिलेगी।

डिप्टी सीएम विधानसभा में विधायक प्रमोद विज द्वारा पूछे गए



प्रश्न का जवाब दे रहे थे। श्री दुष्यंत चौटाला ने आगे बताया कि पानीपत में ही पानीपत-बरसत रोड़ तक ड्रेन नंबर 2 के किनारे पर 12.20 किलोमीटर लंबा एक रोड़ बनाया जा रहा है। इसमें बकाया रोड़ 2.9 किलोमीटर है जिसको वन विभाग की क्लियरेंस की आवश्यकता है। यह क्लियरेंस मिलते ही रोड़ पूरा निर्मित कर दिया जायेगा जो कि पानीपत शहर के ईस्टर्न बाईपास का काम करेगा।

## तय समय सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण किया जाएगा: देवेन्द्र सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान खेत खलियान सड़क योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधायक की अनुशंसा पर 25 किलोमीटर तक के खेतों के रास्तों को पक्का किया जाता है। श्री बबली आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत करवाया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोनीपत के कार्यालय में 23 कार्यों की अनुशंसा प्राप्त हुई जिसमें से 13 कार्य स्कीम में कवर नहीं होते, बचे हुए 10 कार्य ही स्कीम कवर होते हैं।

## 'भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही'

दीपिका शर्मा

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अंतर्गत नगर परिषद रेवाड़ी के अधिकार क्षेत्र में पिछले नौ वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों बढ़ौतरी नहीं हुई है और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। डॉ. कमल गुप्ता हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दौरान विधायक चिरंजीव राव द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्राधिकार के दुरूपयोग को रोकने के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित किये गए हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी शिकायत पर अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा रही



है। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि नगर परिषद रेवाड़ी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 8 वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरुग्राम द्वारा 29 मार्च, 2022 की एफआईआर संख्या 005 के माध्यम से नगर परिषद रेवाड़ी के अधिकारियों के खिलाफ केवल एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिकाओं में भ्रष्टाचार के मामलों के निपटान के लिए तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने शिकायतों के तेजी से निवारण के लिए जनता और स्थानीय निकायों के अधिकारियों के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए एसओपी और आईटी के उपयोग के संदर्भ में सस्थागत तंत्र बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। शिकायतें दर्ज करने के लिए राज्य के सभी नगर पालिकाओं में हेल्पलाइन नंबर- 1800-180-2022/1064 जारी किया गया हैं। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने विभिन्न नगर पालिकाओं में पड़ी शिकायतों का शीघ्रता से निपटाने करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में सतर्कता अधिकारियों को नियुक्त किये गये हैं। इसके अलावा, क्षेत्रीय इकाइयों के फ्लाइंग स्क्वाड अधिकारियों को भी निदेशालय की सतर्कता शाखा द्वारा प्राप्त विशिष्ट शिकायतों सहित विज्ञापनों और अवैध निमार्णों की जांच करने के लिए निकटवर्ती नगर पालिकाओं का दौरा करने के लिए सक्रिय किया गया है।

## 'यमुना नदी और गुरुग्राम नहर में प्रदूषण से निपटने के लिए 62 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाएं'

### गुड़गांव कैनाल में प्रदूषण के मुद्दे को लेकर परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री, कंवर पाल ने कहा कि यमुना नदी और गुरुग्राम कैनाल में प्रदूषण को कम करने 1129 एमएलडी के 62 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए गए हैं और ओखला बैराज के अपस्ट्रीम पर काम कर रहे हैं और गुरुग्राम नहर पर प्रभाव डाल रहे हैं। इन 62 एसटीपी में से, लगभग 22 एसटीपी विगत 5 वर्षों में 241 एमएलडी क्षमता स्थापित की गयी है। इसके अलावा, 409 एमएलडी क्षमता के 16 एसटीपी को कड़े मानकों को पूरा करने के लिए उन्नत किया जा रहा है और 253



एमएलडी क्षमता के 8 नए एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, 410 एमएलडी क्षमता के 5 नए एसटीपी को भी मंजूरी दी गई है। पर्यावरण मंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल के दौरान उत्तर दे रहे थे। श्री कंवर पाल ने कहा कि यूपी, दिल्ली और हरियाणा राज्यों द्वारा प्रदूषित पानी यमुना नदी में छोड़ा जा रहा है. जो ओखला बैराज के नीचे की ओर गुरुग्राम नहर में बहती है। सरकार ने गुड़गांव नहर में प्रदूषण के मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जिसके अध्यक्ष परिवहन मंत्री और 15 विधायक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यावरण), अतिरिक्त मुख्य सचिव (सिंचाई), अतिरिक्त मुख्य सचिव (कृषि) और सदस्य सचिव (हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) इसके सदस्य हैं। समिति ने गुरुग्राम नहर में प्रदूषण को नियंत्रित करने और प्रदूषित पानी को उपचार के बाद दोबारा उपयोग में लाने के मुद्दे की समीक्षा की है। सचिव जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय निगरानी समिति का प्रमुख होने के नाते विभिन्न बेसिन राज्यों की यमुना कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा करती है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जिला फरीदाबाद के विभिन्न सेक्टरों से गुरुग्राम नहर में छोड़े जाने वाले दूषित पानी की समस्या के समाधान के लिए 2 एसटीपी निर्माणाधीन हैं।

**क्षमता**

**8 इन 62 एसटीपी में से, लगभग 22 एसटीपी विगत 5 वर्षों में 241 एमएलडी क्षमता स्थापित की गयी है**

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को प्रदान की गयी बेहतर सुविधाएं- देवेन्द्र सिंह बबली

### सफाई कर्मचारियों के पदों की संख्या 11, 254 से बढ़कर 18, 580 हुई

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि अब ग्रामीण सफाई कर्मियों की कुल पद संख्या 11,254 से बढ़कर 18580 की गई है। श्री बबली आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। श्री बबली ने सदन को अवगत करवाया कि अब सफाई कर्मचारियों को विभिन्न तरह की सुविधाएँ दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का मानदेय बढाकर 15 हजार किया गया है, हाल ही में मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की थी। साथ ही वर्दी के लिए चार हजार रूपए, वर्दी धुलाई के लिए एक हजार रुपए की गई है। इसके अलावा ईपीएफ की सुविधा दी गई है और औजार भत्ता 2000 रुपए किया गया है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के हालिया निर्णय के अनुसार, जनसंख्या की गणना के लिए पीपीपी को आधार माना गया है और मानदंड भी बदल दिए गए हैं। इसके अनुसार एक हजार की जनसंख्या पर एक सफाई कर्मचारी, एक हजार से दो हजार की जनसँख्या पर दो सफाई कर्मचारी, दो हजार से तीन हजार की जनसँख्या पर तीन, तीन हजार से चार हजार की जनसँख्या पर चार, चार हजार से पांच हजार की जनसँख्या पर पांच, पांच हजार से दस हजार की जनसँख्या पर छह, दस हजार से बीस हजार की जनसँख्या पर आठ, बीस हजार से अधिक की जनसख्या पर दस सफाई कर्मचारी हैं।

**घोषणा**

**8 सफाई कर्मचारियों का मानदेय बढाकर 15 हजार किया गया है, हाल ही में मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की थी**

# मेयर चुनाव में रिकॉर्ड वोट देकर जीत में निभाई अहम भूमिका

**मत**

8 अंबाला के लोगों के साथ हमेशा निभाया परिवारिक रिश्ता, आईएमटी बनाने के लिए चाहिए आपका साथ

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि अंबाला शहर के मेयर चुनाव के दौरान अंबाला शहर के वार्ड नंबर 5 के लोगों के रिकॉर्ड तोड़ वोट देकर उनकी जीत की राह में अहम योगदान दिया था और ये ही कारण है कि वह आज उन्होंने वार्ड नंबर 5 को गोद लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी का साथ रहा तो निश्चिततौर पर ताकत मिलने के बाद ब्याज के साथ विकास कार्य करवाकर अपना दायित्व निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अंबाला शहर के लोगों को हमेशा अपना परिवार माना है और जब भी कोई आपदा आई है तो हमेशा परिवार के मुखिया होने का दायित्व निभाया। चाहे कोविड का समय हो या फिर अंबाला में बाढ़ आई हो।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा अंबाला शहर के हीरा नगर स्थित शिव मंदिर, प्रेम नगर स्थित रामलीला ग्राउंड, वार्ड नंबर 10 इंद्रपुरी में राजू चड्ढा के घर के पास, वार्ड नंबर 6 गुरुद्वारा साहिब के पास राम नगर, वार्ड नंबर 7 वाल्मीकि नगर, वार्ड नंबर 5 गुरुद्वारा हाल जग्गी कालोनी फेज-1 में आयोजित किए गए कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा विशेषतौर पर मौजूद रही। विनोद शर्मा ने कहा कि उन्होंने महसूस किया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के बच्चों को स्कूल जाने के लिए कई




तरह की दिक्कतों को सामना करना पड़ता है, जिसके कारण उनका समय भी बर्बाद होता है। इसी बात को देखते हुए अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के 11वीं व 12वीं के बच्चों को साइकिलें वितरित करने का फैसला किया गया है।

शर्मा ने चिंता जताई कि 12वीं करने के बाद आने वाले दो से तीन सालों में युवाओं को रोजगार की जरूरत होगी और यदि समय पर रोजगार नहीं मिलता तो निश्चिततौर पर उनकी पढ़ाई लिखाई करने का कोई लाभ नहीं रहता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में उन्होंने अंबाला में आईएमटी स्थापित करवा दी थी और बकायदा सेक्शन-4 व 6 के नोटिस भी हो गए थे, लेकिन कुछ कांग्रेसी नेताओं ने आईएमटी का विरोध किया और युवाओं से रोजगार का अधिकारी छीन लिया। उन्होंने कहा कि यदि समय पर आईएमटी स्थापित होता तो निश्चिततौर पर अंबाला के करीब 20 हजार युवाओं को रोजगार मिल चुका होता। साथ ही शर्मा ने कहा कि अंबाला व रोहतक में एक साथ आईएमटी पास हुआ था, लेकिन अंबाला के आईएमटी को कैंसिल कर दिया गया। शर्मा ने कहा कि आपका साथ मिला तो अंबाला में आईएमटी लगवाकर रहेंगे और युवाओं को रोजगार दिलाकर रहेंगे। इस अवसर पर पार्षद सरदुल सिंह, पार्षद फकीरचंद विक्रम, पार्षद जसबीर सिंह, मदन मोहन घेल, एक्स चेयरमैन कुलदीप सिंह, पूर्व सरपंच हरफूल सिंह, पूर्व सरपंच इकबाल सिंह, एसपी भनौट, रजनीश शर्मा, संजय बक्शी, सरदाना सिंह, राजू चड्डा, सन्नी मौखा, अनिल सूरी, अनिल भाटिया, अशोक खरबंदा, सुरेंद्र शर्मा, अजय बक्शी, बलजिंद्र शर्मा, विक्रम जीत सिंह, आरके परवाना, संजय गौड, सीएम बक्शी, गुरप्रीत सिंह भंगू, सुरेंद्र कौर, सुखचैन सुखी, जगविंद्र नंबरदार, बृजलाल सिंगला, राजकुमार गुप्ता, विनीत भाई, डिम्पल मलिक, मनीष वर्मा, दिनेश गौड, जसबीर जस्सी, रविंद्र सौड़ा, वरदान शर्मा, नवजोत शर्मा, रजत शर्मा, प्रिंस शर्मा, विनय बक्शी, इकबाल सरपंच, संदीप, अशोक तंवर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# स्वच्छ जल-स्वच्छ मन का दूसरा चरण आयोजित

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में अंबाला शहर के कांवला डिस्ट्रीब्यूशन अपोजिट स्टेडियम सेक्टर 10, में किया गया जिसमे साध संगत और सेवादल के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपना योगदान दिया इस मौके पर स्थानीय मुखी श्री ज्ञान सिंह जी ने कहा जैसे जीवन जीने के लिए स्वच्छ पानी की जरूरत है, वैसे ही सुंदर समाज में रहने के लिए हमारे विचार भी स्वच्छ होने चाहिए संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए



बताया कि ह्यस्वच्छ जल, स्वच्छ मनह्ण के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जन मानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट

**प्रोजेक्ट**


8 स्वच्छ पानी की जरूरत है, वैसे ही सुंदर समाज में रहने के लिए हमारे विचार भी स्वच्छ होने चाहिए

अमृत का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई। पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गये इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई और यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा। संत निरंकारी मिशन सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, तलासरी बांध परियोजना, वननेस वन, पर्यावरणीय मुद्दों के विषय में जागरूकता इत्यादि जैसी योजनाओं को क्रियान्वित रूप में संचालित कर रहा है। निसंदेह निरंकारी मिशन की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को सुंदर बनाने हेतु एक प्रशंसनीय एवं सराहनीय कदम है।

# कृषि विभाग प्रदान कर रहा है 1 लाख का अनुदान

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त कुरूक्षेत्र शान्तनु शर्मा ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा जिला कुरुक्षेत्र के अनुसूचित जाति के किसानों के लिए विशेष स्कीम के तहत 45 एचपी अथवा इससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टरों पर 1 लाख रूपए अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए किसान अपने ऑनलाईन आवेदन विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर कर सकते है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आवेदक किसान का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। किसान के पास कृषि भूमि होना जरूरी है। किसान को आवेदन के लिये परिवार पहचान पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड की आवश्यकता होगी। किसान को यह अंडरटेकिंग भी देनी होगी कि उसने पिछले पांच वर्षों में



ट्रैक्टर पर अनुदान का लाभ नहीं लिया है तथा वह अगले पाच साल में इस ट्रैक्टर को बेचेगा नहीं। ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 11 मार्च 2024 है।सहायक कृषि अभियन्ता राजेश वर्मा ने बताया कि आवेदनो की संख्या लक्ष्य से अधिक होने पर किसानों का चयन उपायुक्त कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय कमेटी द्वारा ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

# वृक्षारोपण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के सामंजस्य के लिए बहुत जरूरी : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**सराहनीय**

8 शुरू की गई हरियाणा पर्यावरण सोसायटी पर्यावरण के क्षेत्र में पौधारोपण कर महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य रही

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के सामंजस्य के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के अनुपात के हिसाब से वृक्षों का अनुपात भी किसी भी देश के लिए मायने रखता है। वृक्षारोपण बहुत सारी पर्यावरणीय समस्याओं का निदान भी करता है। वे सोमवार को हरियाणा पर्यावरण सोसायटी के पौधारोपण अभियान में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के



द्वितीय एवं तृतीय द्वार के बीच पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. सोहन लाल सैनी द्वारा शुरू की गई हरियाणा पर्यावरण सोसायटी पर्यावरण के क्षेत्र में पौधारोपण कर महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य रही है। गौरतलब है कि इससे पहले यमुनानगर जिले में भी सोसायटी द्वारा बहुल क्षेत्र में पौधारोपण किया है। अब कुरुक्षेत्र जिले में पिछले लगभग 10 वर्षों से 2000 पौधे लगाए जा चुके हैं। बहुत सारे एनआरआई व सामाजिक व्यक्ति पौधारोपण के लिए सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में योगदान देना चाहिए.इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. एसपी सिंह, डॉ. सोहन लाल सैनी, प्रो. हरि सिंह, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. नीरा राघव, प्रो. अरविन्द्र मलिक, प्रो. जीपी दुबे, प्रो. ब्रजेश साहनी, डॉ. अनिल दहिया, डॉ. प्रदीप मित्तल, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. संगीता सैनी, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सोमबीर जाखड़, डॉ. राजकमल, डॉ. अश्वनी व गणमान्य सोसायटी के सदस्य मौजूद रहे।

# नागरिक अस्पताल में जिला उपायुक्त का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** नागरिक अस्पतात में सोमवार सुबह जिला उपायुक्त मनोज कुमार अमले के साथ औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर मरीजों की भीड़ देखी। उसके बाद आपाताकालीन कक्ष, ओपीडी, प्रसूति विभाग का निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त ने आपातकालीन कक्ष के वार्ड में भर्ती एनीमिया के मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहत्तर चिकित्सका सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बता दें कि नागरिक अस्पताल में 200 मरीजों के बेड की व्यवस्था है। अस्पताल में मौजूदा समय में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर चार खिड़कियों से रजिस्ट्रेशन किया जाता है। जिनमें एक खिड़की पर आयुष्मान कार्ड की खिड़की है। अस्पताल में हर रोज 1200 से लेकर 1500 की मरीजों की ओपीडी है। वहीं सोमवार को ओपीडी 2000 मरीजों से पार हो गई।

# 'अगर हल्के की जनता कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी तो हल्के में नहीं रहेगी विकास की कमी'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्का मेरा अपना परिवार है, मैं अपने परिवार के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा और सेवा करने से पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने से उनके मन को शांति मिलती है। समाजसेवी संदीप गर्ग सोमवार को लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में हल्के के कई गांवो के सरपंचो के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि हल्के की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देगी और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी तो वह हल्के की तस्वीर बदलने का



काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जो लाडवा हल्के में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं वह निस्वार्थ भाव से करवाए जा रहे हैं, क्योंकि वह चाहते हैं हल्के का प्रत्येक व्यक्ति व प्रत्येक परिवार अपने आप में सम्पन्न हो और खुशहाल रहे। उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी नुमांइदा जनता का हाल तक पूछने के लिए नहीं आया, तो वह काम भी कैसे करेगा, सबसे पहले जनता के दिलों में बसना जरूरी है। वहीं गांव बड़ाचपुर सरपंच सतीश कुमार, गांव ध्यांगला सरपंच राजपाल आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो अनेक सामाजिक कार्यों किये जा रहे है उनसे सभी को प्रभावित होकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चहिए। जिस प्रकार से पिछले काफी लंबे समय से

**प्रभावित**

8 यदि हल्के की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देगी और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी

समाजसेवी संदीप गर्ग हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं उससे उनकी नियत साफ नजर आ रही है कि वह हल्के के विकास के लिए चिंतित हैं और हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं।

# विज ने शहर मे बायपास बनाने के लिए विधानसभा में की मांग

**कमाल हुसैन**

**पानीपत** हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के प्रश्नकाल दौरान पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने विधानसभा में पानीपत शहर मे ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से शहर मे बायपास बनाने की माँग की कविधायक ने विधानसभा के पटल पर प्रश्न रखते हुए कहा कि पानीपत उद्योगीक नगरी है, और दिन- प्रतिदिन ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ती जा रही है क एलएनटी फ्लाइओवर से शहर की कोई कनेक्टिविटी नहीं है जिसकी वजह से शहर मे ट्रैफिक बढ़ रहा है क वेस्टर्न पेरीफेरी के एरिया जाटल रोड , असंध रोड के एरिया में ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने हेतु बायपास बनाने की मांग की एवं ईस्टर्न बायपास का निर्माण जल्द पूर्ण करने की मांग की उपमुख्यमंत्री ने दिया जवाबः- उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को लिखित में मांग भेज दी गयी है, जैसे ही स्वीकृति मिलेगी निर्माण कार्य बायपास का प्रारम्भ होगा मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का जताया आभारः- विधायक विज ने अपने विधानसभा संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का असंध रोड, गोहाना रोड और सनौली रोड के निर्माण के लिए आभार जताया।

# पानी की बूंद बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरुरतः शांतनु

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। जल का संरक्षण करना समय की मांग है। इसलिए इस स्थिति को जहन में रखते हुए पानी को बचाने और संरक्षण करने की बहुत जरूरत है। उपायुक्त शांतनु शर्मा सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अटल भूजल योजना के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना और जल सुरक्षा योजना के बारे में कार्यशाला के माध्यम से अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस बैठक में सतत भूजल प्रबंधन के महत्व और अटल भूजल योजना के



उद्देश्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने डीडीपीओ को कहा कि अटल भूजल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में लघु सिंचाई अपनाने हेतु किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, जिससे किसानों को पानी की बचत के साथ-साथ वित्तीय बचत भी हो सके। अटल भूजल योजना जल शक्ति मंत्रालय और वर्ल्ड बैंक की संयुक्त योजना है। इस योजना पर 6 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह 5 साल की योजना है। इस योजना में 3 हजार करोड़ भारत सरकार और 3 हजार करोड़ रुपए वर्ल्ड बैंक वहन कर रहा है। इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रुप में शुरू किया गया है। उन्होंने यह योजना भारत के 7 प्रदेशों में शुरू की गई है, जिनमें हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और गुजरात शामिल है। यह योजना हरियाणा के 14 जिलों में शुरू की गई है, जिसमें कुरुक्षेत्र जिला भी शामिल है। हरियाणा के 36 ब्लॉकों में यह योजना चल रही है, जिसमें कुरुक्षेत्र के शाहबाद, पिहोवा और लाडवा ब्लॉक शामिल है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान की सीधी बिजाई के क्षेत्र को और मेरा पानी-मेरी विरासत के क्षेत्र को बढ़ाया जाए तथा 10 एकड़ से ज्यादा जमीन वाले किसानों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने डीडीपीओ को कहा कि सभी ब्लॉकों में बीडीपीओ को नोडल अधिकारी बनाया जाए और अटल भूजल योजना से संबंधित हो रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह उपायुक्त कार्यालय में भिजवाने के निर्देश दिए जाए।

# जिला एवं सत्र न्यायधीश पानीपत ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**कमाल हुसैन**

**पानीपत,** माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के आदेशों की अनुपालना में श्री सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश पानीपत ने श्री प्रतीक जैन , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत के साथ जिला जेल का निरिक्षण किया।



इस दौरान जिला जेल निरीक्षक देवी दयाल व गीता रानी जेल उप निरीक्षक उपस्थित रहे । इस निरीक्षण के दौरान श्री सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायधीश ने कैदियों के खान पान , रहन सहन आदि के बारे में जाना।उन्होंने कैदी बंदियों के बैरक में जाकर निरिक्षण किया ० उनकी अपील ० केस के सन्दर्भ में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि किसी भी कैदी की वकील एवं अपील से संबंधित प्रार्थना पत्र को तुरंत कार्यवाही के लिए भेजे और कोई भी कैदी अगर मुफ्त अधिवक्ता करना चाहता है तो उसका प्रार्थना पत्र तुरंत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यालय में भेजे।

# बाबैन स्कूल के बैंकिंग एंड फाइनेंस विषय के छात्रों ने पंजाब नेशनल बैंक का किया विजिट

**विस्तारपूर्वक**

8 बच्चों को कैश काउंटर ,लोन सुविधा, स्टडी लोन, केवाईसी, मुद्रा लोन के बारे में विस्तार से चर्चा की

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन के बैंकिंग एंड फाइनेंस विषय के छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक रेलवे रोड का विजिट किया। ब्रांच के मुख्य मैनेजर विकास मेहता, सीनियर



मैनेजर प्रवीण कुमार व मैनेजर दयाराम मीणा और अन्य स्टाफ सदस्यों ने मिलकर बच्चों को ग्रुप बनाकर पूरी ब्रांच की विजिट कार्रवाई व बच्चों को प्रत्येक काउंटर के बारे में विस्तार से बताया तथा वहां की कार्य शैली जैसे कैश काउंटर ,लोन सुविधा, स्टडी लोन, केवाईसी, मुद्रा लोन, बी सी,बी एफ के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आजकल चल रहे फ्रॉड से बचने के लिए भी बहुत सारी जानकारी दी तथा सावधानियां बच्चों से साझा की। उसके बाद उन्होंने छात्रों को जलपान भी करवाया।

# हर किसी का भाग्य परमात्मा लिख रहा हैः शिवानी दीदी

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी का कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी राजयोग शाखा कंचघर, अम्बाला शहर द्वारा संगीत पैलेस, हिसार रोड,अंबाला शहर में किया गया। जिसका विषय "सीक्रेट्स ऑफ गॉड , कर्मा एंड डेस्टिनी" था।उन्होंने कहा की हर रोज कोई ना कोई एक ऐसी बात सामने आती है कि हम सोचते है ऐसा कैसे हो सकता है, ऐसा कोई कैसे कर सकता है, ऐसा किसी के भी साथ कैसे हो सकता है तो मन में प्रश्न उठते हैं कि यह सब कौन डिसाइड करता है और बचपन से सीखा है तो हमेशा उंगली स्वाभाविक रूप से ऊपर की ओर जाती है की जो कुछ हो रहा है वह प्रभु की मर्जी से हो रहा है। जो कुछ हो रहा है वह ईश्वर की भावी और कभी-कभी किसी के घर में कोई



हादसा होता है। परिवार का कोई सदस्य अचानक शरीर छोड़ देता है, और उस समय लोग आते हैं और कहते हैं क्या करें यह तो ईश्वर की मर्जी थी। अभी-अभी उस परिवार ने शायद अपना बच्चा खोया है और लोग आकर कहते हैं ईश्वर की मर्जी थी। ऐसा ईश्वर उस समय कैसा लगेगा? उस क्षण के लिए उस ईश्वर से प्यार करने की बजाय क्या आएगा मन में? नाराजगी आएंगी या नहीं? आएगी, तो जिस समय हमें भगवान की सबसे ज्यादा जरूरत होती है कभी-कभी उस समय हम उससे नाराज हो जाते हैं क्योंकि हम सोचते हैं कि जो हो रहा है वह उसकी मर्जी से हो रहे हैं या हमने उससे कहा था कि ठीक कर दो फिर भी उसने ठीक नहीं किया ऐसा कैसा भगवान है और वह सब इसलिए होता है क्योंकि हमने कभी भी इन बातों के बारे में ठीक से सोचा नहीं होता है।हम सोचते हैं की जो कुछ हो रहा है वह ईश्वर की मर्जी से हो रहा है पत्ता पत्ता भी ईश्वर की मर्जी से हिलता है। उन्होंने कहा 1 मिनट के लिए अपनी आंख बंद करो और सोचो एक ऐसी दुनिया जहां हर चीज ईश्वर की मर्जी से हो रही है एक ऐसी दुनिया जिसमें हर एक का भाग्य भगवान लिख रहा है, हर एक का स्वास्थ्य, हर एक के मन की स्थिति, हर एक के रिश्ते, प्रकृति की हर चीज भगवान लिख रहा है। सिर्फ एक दृश्य लो उस दुनिया का कि वह दुनिया कैसी होगी। जिसमें हर एक का भाग्य परमात्मा लिख रहा है तो हर एक का भाग्य कैसा होगा और यह दुनिया कैसी होगी एक शब्द में उत्तर चाहिए। पब्लिक से जवाब आया सुंदर, परफेक्ट। तो फिर कितने लोग सृष्टि पर बीमार होंगे, कितने बच्चे पैदा ही सृष्टि पर बीमारी के साथ होंगे, कितने रिश्ते टूट रहे होंगे, भगवान भाग्य लिख रहा है सड़क पर कितने एक्सीडेंट होंगे, मौसम कैसा होगा सारी सृष्टि पर, कितने मन उदास होंगे, परेशान होंगें, निराश होंगे, डर रहे होंगे, घबरा रहे होंगे, भगवान भाग्य लिख रहा है, और बाकी जो बड़ी बड़ी चीजे हो रही है वो सब अलग, युद्ध हो रहे है, कोविड आ रहा है ये भगवान लिख रहा है। येस और नो क्या कहता है आपका मन ये सब भगवान लिख रहा है। अगर आपको पावर मिले कि आप अपने बच्चों का भाग्य लिखें कैसा भाग्य लिखेंगे कल 102 बुखार हो। कौन-कौन रेडी है, अपने बच्चों के भाग्य में ये लिखने के लिए। आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमेशा कैसा रहेगा अगर आप भाग्य लिखेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### नशे में धुत्त कैंटर चालक ने तोड़े बिजली के पांच खंभे

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर-16 में देर रात सामान से लोड एक कैंटर ड्राइवर ने बिजली के पांच खंभों को तोड़ दिया। आरोपी ड्राइवर नशे में धुत था। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद तारों से लिपटे कैंटर ड्राइवर को बाहर निकाला। रात से अब तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि दिन के समय बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है। रात के समय ही ट्रक आदि शहर में इंट्री लेते हैं। रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक कैंटर सामान लोड करके हाईवे की तरफ जा रहा था। जब सेक्टर 16 में एंट्री करने लगा तो सामने खड़े एक के बाद एक कुल 5 बिजली के खंभों में टक्कर मार दी, जिससे बिजली की तारों में कैंटर पूरी तरह से फंस गया। वारदात के बाद जब आरोपी ड्राइवर गाड़ी को बैक लेकर जाने लगा तो टूटी हुई बिजली की तारों में और फंस गया। रात को मौके पर मौजूद राम सिंह ने बताया कि जब आरोपी भागने लगा तो बिजली की तारें आपस में टकरा गईं और करंट होने के चलते फॉल्ट हो गया। इसके बाद बिजली चली गई।

सेक्टर 16 निवासी सुखबीर ने बताया कि पहले भी यहां पर कई हादसे हो चुके हैं। रात होने के कारण सडक पर कोई व्यक्ति न तो पैदल घूम रहा था और न ही सडक पर वाहन थे। जिस समय हादसा हुआ, सभी खंभों की तारें सडक पर आ गिरी थी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

सुखबीर ने बताया कि रात से सेक्टर 16 सहित आसपास के ढाई से 3 हजार घर अंधेरे में हैं। इसके अलावा आसपास सेक्टर-3 के एरिया में भी यहीं से बिजली सप्लाई होती है, जहां पर सभी फैक्ट्रियां हैं। वहां पर 13 घंटे से बिजली नहीं है। बिजली न होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बंगाली सम्मेलन और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया

**नई दिल्लीः बंगबाशी महासभा फाउंडेशन (बीबीएमएफ) ने नई** दिल्ली में विश्व युवक केंद्र में एक प्रतिष्ठित सभा की मेजबानी की, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बंगालियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्री तथागत रॉय (त्रिपुरा, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल), श्री बिप्लप रॉय (सद्भावना राजदूत, आईआईए भारत, आधिकारिक भागीदार यूनेस्को), बीबीएमएफ के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परिमल मंडल और महासचिव डॉ. शुभ्रो चक्रवर्ती और भारत, बांग्लादेश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और जर्मनी के विशिष्ट अतिथियों के साथ इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल डॉ. तथागत रॉय ने कहा, "बंगाली विश्व स्तर पर चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा होने, यूनेस्को द्वारा इसे "सबसे मीठी भाषा" के रूप में मान्यता दिए जाने और इसकी प्राचीन उत्पत्ति 3500 ईसा पूर्व की होने के बावजूद, इसे अभी तक भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। दुनिया भर के सभी सनातनी बंगालियों को एकजुट होना चाहिए और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए ।" बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. परिमल कांति मंडल ने कहा, "भारत सरकार को बंगाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देनी चाहिए।"

# 0 से 5 वर्ष की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवाई से नहीं रहे वंचितः पिलानी

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च से 5 मार्च तक जिला में 175470 लक्षित बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो दवाई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च से 5 मार्च तक चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग को अपना भरपूर सहयोग दें और अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि



0 से 5 वर्ष की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवाई से वंचित न रहे। विशेषतौर पर स्लम एरिया, ईंट भट्ठा, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन इत्यादि स्थानों पर पोलियो बूथ अवश्य बनाए जाए।

उन्होंने जिला खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक को निर्देश दिए कि वे ईंट भट्टों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के बच्चों को पोलियो रोधक दवा पिलवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जाए जोकि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करता रहे। उन्होंने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों के माध्यम से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के बारे में गांवों में मुनियादी करवाएं। इसी प्रकार से जिला शिक्षा अधिकारी उक्त अभियान की जानकारी स्कूली बच्चों तक पहुंचवाएं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वे आंगनवाड़ी केन्द्रों से 0 से 5 पांच वर्ष की आयु के सभी बच्चों को पोलियो दवा पिलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जीएम रोडवेज को निर्देश दिए कि वे इस अभियान के अंतर्गत सभी बस अड्डों तथा बसों में यात्रा करने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पोलियो बूथ पर थोड़ी देर के लिए बसों का ठहराव अवश्य करवाएं। सिविल सर्जन डा.कृष्ण कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में 3 मार्च से 5 मार्च 2024 तक नेंशनल पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा।

जिला करनाल में 0 से 5 साल तक के 175470 बच्चों को दवाई पिलाने के लिए 868 बूथ और 1523 हाऊस टू हाऊस टीमे बनाई गई है। जिनकी निगरानी 157 सुपरवाईजर द्वारा की जाएगी। जिले मे कुल 71 मोबाईल टीमों जिसमे 36 ट्रांजिट टीम तथा कुल 3573 कर्मचारी व अधिकारी इस कार्य में भाग लेगें।

## युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी काबू

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नमस्ते चौक पर युवक की सिर में दो गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आज दोपहर बाद आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसका दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

सिटी थाना के जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि बीती 19 फरवरी की शाम को सेक्टर-13 निवासी शंकर की उसी के दोस्त आरोपी दिनेश ने रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-4 गिरफ्तार किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि अब तक पूछताछ में सामने आया है कि मृतक शंकर और आरोपी दिनेश पिछले चार साल से दोस्त थे। वह एक-दूसरे के घर आते-जाते रहते थे। आरोपी दिनेश भी शंकर के घर जाता रहता था। शंकर को महसूस हुआ कि दिनेश की उसकी पत्नी पर गलत नजर है। इसके बाद शंकर ने आरोपी दिनेश को घर आने के लिए मना कर दिया। इस बात के लिए आरोपी दिनेश शंकर से रंजिश रखने लगा।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इस बात को लेकर शंकर और उसके बीच में कई बार कहासुनी भी हुई थी। फिर 19 फरवरी को तैश में आकर उसने नमस्ते चौक पर स्थित दीप इंटरप्राइजेज पर जाकर शंकर के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी दिनेश शंकर को गोली मारने के बाद जब वहां से जाने लगा तो दुकान के बाहर मालिक व अन्य व्यक्ति ने उसे पकडने की कोशिश की थी। इसके बाद आरोपी उन्हें पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके फरार हो गया था।

## बेटियों की शादी के लिए एंटी करप्शन ऑफ इंडिया ने की मदद



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया जहां एक तरफ अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए देशभर में विशेष भूमिका निभा रहा है। वहीं दूसरी ओर समाजसेवा के क्षेत्र में भी नए मुकाम हासिल कर रहा है। इसी कड़ी में फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा संघ में होने वाली बेटियों की शादी के लिए जरुरत का सामान उपलब्ध करवाया गया।

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम ने नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा के नेतृत्व में मानव सेवा संघ पहुंचकर शादी का सामान स्वामी प्रेममूर्ति को सौंपा। प्रोजेक्ट इंचार्ज राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ.निशा गुप्ता रही। निशा गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार जरुरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि मानव सेवा संघ द्वारा 17 मार्च को बेटियों की शादी करवाई जा रही है। इसके लिए फाउंडेशन द्वारा शादी की जरुरत का सामान उपलब्ध करवाया गया है। फाउंडेशन द्वारा एंटी करप्शन जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है।

## किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा की एक कॉलोनी से संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता हो गई। किशोरी रविदास जयंती में सेवा की कहकर गई थी। छात्रा गांव के स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपहरण के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। नाबालिग की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके पास दो लडकी व एक लडका है। उसकी 17 वर्षीय लडकी 24 फरवरी को दोपहर करीब तीन बजे रविदास जयंती में सेवा करने की कहकर गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। जयंती समारोह स्थल व अन्य जगहों पर काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल पाया।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था हो चुकी है ठप: सुमिता सिंह

**सवाल उठाया**

**8 बलात्कार के मामले जिस तरह से सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि हरियाणा में हर रोज हत्या, गोलीबारी, फिरौती, अपहरण और बलात्कार के मामले जिस तरह से सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है और हरियाणा जंगल राज की तरह बढ़ चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को कांग्रेस सरकार के समय विकास के रूप में जाना जाता था। उसी की पहचान आज देश में अपराध प्रदेश के रूप में बन चुकी है। हरियाणा अराजकता की भेंट चढ़ चुका है। प्रदेश में अपराध का शासन है।

सुमिता सिंह ने गत दिवस बहादुरगढ़ में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की दिन-दिहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर की गई हत्या की निंदा की। उन्होंने कहा कि नफे सिंह राठी दो बार बहादुरगढ़ परिषद के चेयरमैन भी रहे। उनकी हत्या एक राजनीतिक हत्या है। हरियाणा बनने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। उन्होंने नफे सिंह राठी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। राठी ने पहलवानी में देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस मसले की सीबीआई या हाईकोर्ट से जांच होनी चाहिए। प्रदेश में लगातार हो रहे अपराध भाजपा सरकार के खोखले दावों की पोल खोल रहे हैं। सुमिता सिंह ने कहा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र में लूट, चोरी, डकैती, धोखाधड़ी और महिलाओं पर अत्याचार की वारदातों में इजाफा हुआ है। कर्ण नगरी की जनता में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। भाजपा सरकार की अनदेखी के चलते प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला निकल चुका है।

## गुरुद्वारा मंजी साहेब में किया गया गुरमत समागम का आयोजन

### शिरोमणि संत रविदास जी के जीवन व जीवन मूल्यों से संगत को कराया अवगत शिरोमणि संत रविदास जी के जीवन व जीवन मूल्यों से

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु नानक देव जी की चरण छोह प्राप्त ऐतिहासिक स्थान गुरुद्वारा मंजी साहेब करनाल में भक्ति काल के अग्रणी भगत, शिरोमणि संत रविदास जी की जन्म जयंती को समर्पित गुरमत समागम का आयोजन किया गया व उनके जीवन व जीवन मूल्यों से संगत को अवगत किया गया।

दशमेश अखाड़ा, इंटरनेशनल सिख फोरम व गुरुद्वारा मंजी साहेब पातशाही पहली की प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित गुरमत समागम में हेड ग्रंथी ज्ञानी अमृतपाल सिंह ने भगत रविदास जी के जन्म से लेकर अंत समय तक के इतिहास की जानकारी दी व उस समय के समाज



में व्याप्त भेद भाव, ऊँच नीच, जाति-पाति के खिलाफ उनके उपदेशों का वर्णन किया। हजूरी रागी भाई बलविंदर सिंह व भाई रवींद्र सिंह निमाना के रागी जत्थे ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज भगत रविदास जी के शब्दों में से कुछ शब्दों का कीर्तन किया।

**दर्ज**

**8 श्री गुरु ग्रंथ साहिब में शिरोमणि संत भगत रविदास जी के 40 शब्द 16 रागों में दर्ज हैं**

इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में शिरोमणि संत भगत रविदास जी के 40 शब्द 16 रागों में दर्ज हैं। दुनिया का हर सिख भगत रविदास जी को गुरु समान मानता है व श्री गुरु ग्रंथ साहेब में शामिल उनकी बानी से हुकमनामा आने पर उसे गुरु का ही हुकुमनामा मानता है। गुरुद्वारा मंजी साहेब प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुलाब सिंह मूनक, गुरु नानक सेवक जत्थे के प्रधान रतन सिंह, दशमेश अखाड़े के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा व इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने गुरमत समागम में शामिल हुई रविदास समाज की प्रमुख संस्थाओं को सम्मानित किया।

गुलाब सिंह मूनक ने बताया कि श्री गुरु रविदास सभा न्यू रमेश नगर सदर बाजार, रविदासिया समाज सेवा संघ, गुरु रविदास मंदिर जाटों गेट, गुरु रविदास मंदिर सभा सैदपुरा, अंबेडकर जन्मोत्सव सभा, हरिजन चौपाल, डॉ.भीमराव अंबेडकर सेवा दल, गुरु रविदास सभा राजीवपुरम से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए व इन सभी संस्थाओ को सम्मानित किया गया।

## परीक्षा केन्द्रों के निकट जिले में 27 फरवरी से 2 अप्रैल तक निषेधाज्ञा लागू

**निषेधाज्ञा**

**8 जिला में 27 फरवरी से 2 अप्रैल तक आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा-144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के निकट निषेधाज्ञा लागू की**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिलाधीश अनीश यादव ने एक आदेश जारी करके हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जाने वाली सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी और डीएलएड की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जिला में 27 फरवरी से 2 अप्रैल तक आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा-144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के निकट निषेधाज्ञा लागू की है।

जिलाधीश ने यह आदेश उक्त परीक्षा को नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जनहित में जारी किए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर इके खड़े नहीं होंगे, किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र, तेज हथियार, लाठी, भाला, बरछा, जेली, गंडासा, चाकू आदि अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबन्दी रहेगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे तक सभी फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेगी। आदेशों की अनुपालना न करने वाले व्यक्ति पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कानूनी

## यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को किया जागरूक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** डीएसपी ट्रैफिक ओम प्रकाश के निर्देशन और प्रबंधक थाना सुरेश कुमार के नेतृत्व में आज सेक्टर 32-33 में थाना यातायात की टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने बारे जागरूक किया गया। अभियान के दौरान वाहनों पर गति सीमा नियन्त्रण स्टीकर, रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए गए और यातायात नियमों के पैंपलेट भी वितरित किए गए।

टीम द्वारा वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, वाहन चलते समय नशीले पदार्थ और बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। साथ ही थाना यातायात की टीम द्वारा ट्रक चालकों को जीटी रोड पर निर्धारित बाई लेन पर चलने बारे जागरूक किया गया। ट्रक चालकों को निर्धारित गति पर अपनी गाड़ी चलाने बारे भी जागरूक किया गया।

थाना यातायात टीम से एसआई सतपाल और कॉर्डिनेटर अलका ने कहा कि अधिकतर सडक हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलाते समय रोंगटर्न, अवरस्पीड, रैश ड्राइविंग, सेल फोन ऑन रोड आदि पर कंट्रोल रखें। उन्होंने कहा कि सडक हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों का सही से पालन करने पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

## मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को स्थानीय क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी के सभागार में हुआ। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटिड के बीच अनुबंध का उद्देश्य हरियाणा के भूमिहीन बेरोजगार, अशिक्षित ग्रामीण पुरुष व महिला किसानों में मधुमक्खी पालन के प्रति रुचि पैदा करना व छोटी मधुमक्खी पालन इकाई की स्थापना कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित



करना है, जिसके लिए इस परियोजना के तहत उन्हें आर्थिक व तकनीकी मदद प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण हेतू कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ.महा सिंह जागलान ने करनाल जिले के विभिन्न गांवों से 30 प्रतिभागियों का चयन किया।

कीट विज्ञान विभाग की अध्यक्ष व परियोजना अधिकारी डॉ. सुनिता यादव ने बताया कि प्रशिक्षकों को मधुमक्खी पालन इकाई की स्थापना के लिए निःशुल्क मधुमक्खी बक्से एवं आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र की देखरेख में प्रशिक्षुओं को उनके उत्पादों की मार्केटिंग करने के बारे में भी मदद की जाएगी।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक अनुराग आनंद ने कहा कि हरियाणा शहद उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से एक है। प्रदेश के भूमिहीन, बेरोजगार, अशिक्षित व कम जोत वाले किसान मधुमक्खी पालन को रोजगार के रूप में अपना कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों खासकर महिलाओं में मधुमक्खी पालन को लोकप्रिय बनाकर स्वरोजगार को स्थापित करना है।

## 'कल्याणकारी और पारदर्शी योजनाओं से लोगों का जीवन आसान बना दिया'

### मोदी-मनोहर सरकार में बातें कम, काम ज्यादा हो रहे हैं, करनाल के बराना-बरानी रेलवे स्टेशन पर अंडरपास की रखी आधारशिला

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने अपने हर वायदे को निभाया है। भाजपा काम करती है, जबकि विपक्ष केवल बातों तक ही सिमटा हुआ है। मोदी सरकार ने लोगों का जीवन सरल बना दिया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

नायब सैनी करनाल जिला के गांव बराना-बरानी रेलवे स्टेशन पर अंडर पास की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। यहां अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना



के तहत प्रधानमंत्री द्वारा अंडरपास की वचुअर्ली आधारशिला रखने के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में रेल नेटवर्क की गति तेजी से बढ़ी है और रेलवे को नई पहचान मिली है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने लोगों का जीवन स्तर सुधारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है, इसलिए देश की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक साथ 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि इसी योजना से करनाल बराना-बरानी रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि मोदी शासन में नए भारत के नए स्टेशन बन रहे हैं। मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि 2024-25 के रेल बजट में केंद्र सरकार ने हरियाणा को अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड 2861 करोड का बजट आवंटित किया है, जो वर्ष 2009 से 2014 के औसत बजट 315 करोड़ रुपए से 9 गुना अधिक है।

नायब सैनी ने कहा कि 2014 के बाद रेलवे विभाग में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिले हैं। हरियाणा में नई रेल लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण और विद्युतीकरण तेजी से हुआ है। राज्य में बीते 10 वर्षों में लगभग 616 किलोमीटर का रूट विद्युतीकरण किया गया है। हरियाणा को तीन वंदे भारत ट्रेन मिली हैं। हरियाणा में रोहतक-गोहाना रेल लाइन के 4.8 किलोमीटर ट्रैक के हिस्से को एलिवेटेड ट्रैक में बदला गया है, जिससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुगम हुई। रोहतक-महम-हिसार नई लाइन का तेजी से विकास हो रहा है।

## करनाल में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज किसानों द्वारा करनाल में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर अपनी मांगों को लेकर बैठे पंजाब के किसानों के समर्थन और डब्ल्यूटीओ के विरोध में सैकड़ों की संख्या में किसान सेक्टर-12 के हुडा ग्राउंड में अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे।

ग्रामीण इलाकों से भी किसान इस ट्रैक्टर मार्च में पहुंचे हैं और आइटीआइ से दिल्ली की तरफ ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। इसके साथ ही पुलिस और अर्धसैनिक बल भी किसानों के ट्रैक्टर मार्च के साथ ही रहे। प्रशासन ने इस दौरान किसी भी तरीके से ढिलाई नहीं

**प्रेशर**

**8 किसानों को लगातार दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन किसान अपना प्रेशर सरकार पर बना रहे हैं।**

बरती। हालांकि किसानों ने शांतिपूर्ण तरीके से ट्रैक्टर मार्च निकाला। हाईवे पर किसी तरह की जाम की स्थिति नहीं बनी।

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ग्रुप के अध्यक्ष जगदीप औलख ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। किसान एमएसपी और अन्य मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर बैठे हुए हैं। 14 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस प्रशासन ने किसानों का रास्ता रोका हुआ है। जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक वह किसी भी सूरत में पीछे हटने वाले नहीं हैं।

औलख ने कहा कि आज पूरे देश में नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। यह ट्रैक्टर मार्च सरकार के मनमानी वाले रवैये के खिलाफ था। किसानों को लगातार दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन किसान अपना प्रेशर सरकार पर बना रहे हैं।

नमस्ते चौक पर ट्रैक्टर मार्च समाप्त हुआ, जहां से किसान अपने ट्रैक्टर लेकर घर वापस चले गए। शांतिपूर्ण तरीके से ट्रैक्टर मार्च

## संपादकीय

# 'मन की बात' और 'पन्ना की तमन्ना'

**साल** 1973 में एक फिल्म आई थी-हीरा पन्ना। इस फिल्म में एक गीत है 'पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये...।' यहां जिक्र मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के पन्ना जिले का हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के संबोधन के 24 घंटे बाद पन्ना से बड़ी खबर निकल कर आई है कि यहां केन नदी के घड़ियाल अभयारण्य में अब सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। इसकी कवायद भी शुरू हो गई है। इस अभयारण्य को लुप्तप्राय घड़ियाल या भारतीय मगरमच्छ का घर कहा जाता है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने 25 फरवरी (रविवार) को 'मन की बात' में जीवन में तकनीक के महत्व की बात की। उन्होंने अपने संबोधन में डिजिटल गैजेट्स की सहायता से वन्य जीवों के साथ तालमेल बिठाने का जिक्र किया। कहा- तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाया जाएगा। इस साल इसकी थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। देश में वन्यजीवों के संरक्षण में अब तकनीक का खूब उपयोग हो रहा है। उत्तराखंड के रुड़की में विकसित ड्रोन की मदद से केन नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है। इस ड्रोन को रोटर प्रिसेशन ग्रुप ने देहरादून स्थित भारतीय वन्य जीव संस्थान के साथ मिलकर तैयार किया है। केन नदी में घड़ियाल पुनर्स्थापना प्रोजेक्ट के प्रभारी रमेश कुमार मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की सहायता से तैयार ड्रोन के सर्वे में केन में 10 घड़ियालों की मौजूदगी सामने आई है। कटनी से लेकर उत्तर प्रदेश के बांदा तक पूरी नदी का ड्रोन सर्वे हो रहा है। यह ड्रोन पानी के भीतर की तस्वीरें लेने में सक्षम है। यह सात किलोमीटर दूर तक जाकर और पांच सेंटीमीटर तक की चीजों को मॉनिटर कर सकता है। 450 किलोमीटर लंबी केन नदी का सर्वे जल्द पूरा होने की उम्मीद है। जिस तरह पन्ना में टाइगर खत्म होने के बाद यहां दोबारा टाइगर बसाए गए, ठीक उसी तर्ज पर घड़ियालों की पुनर्स्थापना का प्रोजेक्ट शुरू होना है। इसकी पुनस्थार्पना ग्रेटर पन्ना लैंडस्कैप प्लान के तहत की जानी है। सनद रहे 1985 में विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के पास केन नदी और कुड़ार नदी के संगम पर रानेफॉल क्षेत्र में घड़ियाल सेंचुरी स्थापित की गई थी। तत्कालीन सरकार की उदासीनता से यहां घड़ियालों को नहीं बचाया जा सका। अब मौजूदा सरकार ने इस पर भगीरथ प्रयास शुरू किए हैं। प्रोजेक्ट प्रभारी रमेश ने कहा कि अब यहां सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दी है। इसके साथ ही पन्ना में भारत का पहला वाइल्ड लाइफ इंटीग्रेटेड लर्निंग एंड रिसर्च सेंटर भी बनेगा। दरअसल केन मध्य भारत की प्रमुख नदी है। यह दो राज्यों मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश बहती है। केन नदी घाटी का कुल जलग्रहण क्षेत्र 28,058 वर्ग किलोमीटर है। इसका उद्गम स्थल जबलपुर जिले की कैमूर पर्वतमाला के उत्तर-पश्चिम ढलान पर अहिरगवां गांव के पास है। यह उत्तर प्रदेश के चिल्ला गांव के पास यमुना नदी में मिलती है। केन नदी के तट पर कुछ महल भी हैं। अब यह खंडहर की स्थिति में हैं। बांदा शहर केन नदी के तट पर स्थित है। यहां केन नदी अपने दुर्लभ शजर पत्थर के लिए प्रसिद्ध है। साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रीवर ऐंड पीपल संगठन ने जून 2017 में केन नदी की पदयात्रा की थी। यह तीन चरणों में अप्रैल 2018 में पूरी हुई। इस यात्रा का मकसद बांदा और पन्ना जिलों में केन नदी के तटों पर स्थित 100 ये अधिक गांवों का हाल जानना था। 60 से अधिक गांववालों से केन नदी के अतीत एवं वर्तमान स्थिति पर बात की गई।

# सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

रमेश सर्राफ धमोरा

> असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है

**इंडिया** गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों




के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है। हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा। केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलांयसों के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रुमक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा। झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है।

असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है। आंध्र प्रदेश में एक तरफ सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी खड़ी है। तो दूसरी तरफ तेलुगु देशम पार्टी ने फिल्म एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ सीटो पर समझौता कर विधानसभा की 118 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा के भी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में वहां कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबला करना होगा। तेलंगाना में कांग्रेस ने हाल ही में भारत राष्ट्रीय समिति के के. चंद्रशेखर राव को हराकर सत्ता हासिल की है। वहां कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति व भाजपा में तिकोना संघर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सीधा भाजपा से मुकाबला होगा। वही उड़ीसा में बीजू जनता दल, भाजपा व कांग्रेस में तिकोना संघर्ष होगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले दिनों भाजपा इंडिया गठबंधन पर सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलते कई तरह के आरोप लगा रही थी।

मगर कांग्रेस ने सीट शेयरिंग की दिशा में बड़े कदम उठाते हुए कई दलों के साथ गठबंधन कर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे आने वाले कुछ दिनों में सभी सीटों पर गठबंधन होने की संभावना नजर आने लगी है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर एक साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे तो निश्चय ही भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकेंगे।

## कविता

### बन चुका होशियार

है रखता बातों के नश्तर को
बना करके घातक हथियार,
हां भई वो बन चुका है होशियार,
अपनी बातों को सच साबित करने
पूरे परिवार से अब लड़ता है,
सोशल मीडिया में लिख लिख
अपने विरोधियों से झगड़ता है,
था कभी शौकीन माहौल का,
अब सामान पसंद है मॉल का,
बेतुके तर्क देते हैं कमाल का,
खिल्ली उड़ाने से गुरेज नहीं
किसी मजलूम के मौजूदा हाल का,
नाव में बैठते ही कहता है
अब नहीं चाहिए पतवार,
हां भई वो बन चुका है होशियार,
अब तो दलाली पसंद है और
समाज के दलाल भी पसंद है,
किसी को लाभ कभी न हो
ऐसा सोचने वाला शानदार हुनरमंद है,
बना लिया है अपना एटिट्यूटअमीरों वाला,
शायद नहीं रहा वो जमीरों वाला,
खुद को छप्पन भोग मिले
समाज को मिले या न मिले निवाला,
चेहरे पर कुटिल मुस्कान रख
दिखना चाहता है भोला भाला,
शरीर से स्वस्थ शायद दिमाग से बीमार,
हां भई वो बन चुका है होशियार,
हां भई वो बन चुका है

राजेन्द्र लाहिरी

## धूमिल होती सरकार की छवि !

डॉ अजय कुमार मिश्रा

**उत्तर** प्रदेश पुलिस दुनियां की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है` विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद्द करके आगामी 6 माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है` निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा` पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्त्वों को भी जानना जरुरी है` कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा फरवरी 16 से 18 के मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुयी थीं` इस भर्ती के लिए दिसम्बर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था ` 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसम्बर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे` इन प्राप्त आवेदनों में लगभग 2.5 लाख बिहार से, 43 लाख उत्तर प्रदेश से, 98,400 मध्य प्रदेश से, 74,769 हरयाणा से, 97,277 राजस्थान से, 42,259 दिल्ली से और 3404 आवेदक पंजाब से थे` किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए` इन सभी में महत्वपूर्ण यह भी है की इस भर्ती के लिए उम्र की बाध्यता 18 से 25 उम्र की थी` परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है` पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहें थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था` 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग झ अलग जगहों से भेजी गयी ` भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा` अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद्द करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की` जिसके पश्चात अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद्द कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा` क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है ? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है` इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है` सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है` यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है की सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है`

अनेकों लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है`अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है ` दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली` अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा।

## विचार

# कानून के असम्मान की गलत परंपरा डालते केजरीवाल

आशीष वशिष्ठ

**शराब** नीति में हुए घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी सात समन जारी कर चुका है। लेकिन केजरीवाल कोई न कोई बहाना बनाकर जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को गैर कानूनी बता रही है। अन्ना आंदोलन के समयअरविंद केजरीवाल बड़ी-बड़ी बातें करते थे। उस समय वह कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बात करते थे, आज उनकी पार्टी के नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। वो स्वयं भी संदेह के घेरे में हैं। प्रश्न यह उठता है कि वह जांच से क्यों भाग रहे हैं? केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने उपस्थित क्यों नहीं होते? क्या इनके समन को स्वीकार न करना असंवैधानिक नहीं है? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? ईडी और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। न्यायालय का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए। यह शर्मनाक है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति जांच से भाग रहा है। एक राज्य का मुख्यमंत्री अगर कानून का उपहास उड़ाएगा, कानून के पालन में आना-कानी, चलाकियां और चालबाजियां करेगा तो आम व्यक्ति को क्या संदेश जाएगा? ईडी के समन की लगातार अनदेखी करके केजरीवाल कानून के असम्मान की गलत परंपरा के बीज बो रहे हैं? केजरीवाल की देखा देखी आने वाले समय में दूसरे व्यक्ति भी इसी तरह कानून के पालन में आनाकानी करें, तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए! ईडी ने केजरीवाल को पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था। इस समन पर वह पेश नहीं हुए। बीती 22 फरवरी को केजरीवाल को सातवां समन भेजकर 26 फरवरी को जांच के लिए बुलाया। लेकिन केजरीवाल इसे अवैध बताते हुए इसमें शामिल नहीं हुए। केजरीवाल ने हमेशा इन नोटिस को अवैध बताया है और पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने इन समन को राजनीति से प्रेरित बताया था। केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई के पीछे के मकसद पर भी सवाल उठाया था।

उन्होंने बीजेपी पर गिरफ्तार कराने का आरोप लगाया। हालांकि 17 फरवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया था कि वे दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद मार्च में शारीरिक रूप से पेश होंगे। इसके बाद अदालत ने आश्वासन को स्वीकार करते हुए सुनवाई 16 मार्च तय कर दी। अदालत ने उन्हें ईडी द्वारा उनके खिलाफ जारी समन का पालन न करने पर तलब किया था। अभी अधिकतम समन पर जांच एजेंसी के समक्ष जो पेश नहीं हुए उनमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अव्वल नंबर पर है। उन्होंने पिछले साथ दो नवंबर से पिछले हफ्ते तक कुल 7 समन स्किप किए है। केजरीवाल भी इस समन को स्किप करके हेमंत सोरेन की बराबरी पर आ गए हैं। हालांकि, हेमंत सोरेन को ईडी बीती 31 जनवरी को गिरफ्तार कर चुकी है। इन समन को छोड़ना केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ा सकता है. क्योंकि, लगातार समन को छोड़ना ईडी की धारा 19 के तहत असहयोग के लिए अभियोग की जमीन मजबूत कर रहा है। केजरीवाल संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार अवैध करार देना क्या संविधान-सम्मत है?

केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बनाकर ईडी और न्यायालय की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं। एक राजनेता की दिनचर्या अममून व्यस्त ही रहती है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधाानिक दायित्वों को वो हवा में उड़ाता रहेगा?

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# हम हैं गपोड़ी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बैक बेंचरों में गप्प हाँकना एक सृजनात्मक कार्य है। यदि कोई गप्प हाँकने की कला में पटु है और सपने में अक्सर दूर के ढोल सुहावने दिखाई दें तो समझिये कि किसी न किसी की मेहनत लूटने वाली है। या यूँ कहिए कि ईमानदारी और मेहनत के घर घपले का जन्म होने वाला है। जमाने की आर्द्रता में गप्प हाँकुड़ों की नमी हो, तो वहाँ कथनी दिल्ली और करनी चौखट पर दिखाई देगी। बैक बेंचर केवल बैक बैंचर नहीं होते, बल्कि आफत-ए-सरदार होते हैं। जो जितना गप्प हाँकता है, वह उतना ही ऊँचा उठता जाता है।

वैसे इन गप्प हाँकुड़ों का क्षेत्र काफी घेराव लिए होता है। जमीन खरीदने-बेचने के फील्ड में ये उतर आएँ तो वे हाथ आजमाने की जगह मुँह आजमाने लगते हैं। इन गप्प हाँकुड़ों की चले तो प्लाट के बगल से मेट्रो नहीं जाएगी, बल्कि मेट्रो सवारियों को सीधे उनके घर जा-जाकर उतारेगी। गप्प हाँकुड़ों के जबड़े हमेशा लटके होते हैं। यहाँ तक कि मरते समय भी। अब भला मुँह का यंत्र चल-चलकर लटकेगा नहीं तो जुड़कर रहेगा। खूब बतकही करने से जबड़े के न दिखाई देने वाले पेंच ढीले पड़ जाते हैं। ऐसे में मुँह का खुला रहना लाजमी है। गप्प हाँकुड़ों का सपना होता है कि मौका मिले तो एक बार लालकिले से गप्प हाँक लें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि सरकार से बढ़कर कोई दूसरा गप्प नहीं हाँक सकता। सरकारी गप्प अक्सर शासनादेश की तरह होता है, और वह भी न समझ में आने वाली सरकारी भाषा में। इन गप्पों को नकारने में भूलसुधार कम, ढोंग-दिखावा का दावा अधिक होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गप्प करने का कोई समय, स्थान, धर्म, आचार-विचार, रंग-रूप नहीं होता है। बैक बैंचरों के पास हर समय गप्प हाँकने का समय होता है। आगे चलकर यही बहुसंख्यक बनते हैं फिर उन्हें रोटी चाहे न मिले, पर गप्प की खुराक बराबर चाहिए होती है। जब तक गप्प न हो उनका पेट नहीं भरता है। इडियट बॉक्स टीवी पर अनगिनत चैनल हैं और टीआरपी गप्प उड़ा ले जाता है। लालकिला गप्प हाँकने का सबसे बड़ा केंद्र है। सर्दी-बरसात में यहाँ से ऐसे गप्प हाँके जाते हैं कि गर्मी में यहाँ आने की जरूरत ही नहीं पड़ती। देश का सबसे बड़ा गप्प हाँकडु अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर मीडिया को अपनी जेब में लिए घूमता है। दुनिया को दिल का दौरा पड़ता है तो गप्प हाँकुड़ों को लंबी-लंबी फेंकने का।

## जनसंख्या और संसाधन के अंतसंर्बंध

डा मनमोहन प्रकाश

**भारत में जनसं**ख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा ,शहर इसमें सह भागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा।किन्तु कहा तो यहां तक जा रहा है कि भारत ने जनसंख्या के मामले में विश्व में चीन को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया है। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात है, सम्मान जनक है, पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार, अच्छा वातावरण, अच्छा रोटी- कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है? अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है,उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं, अपितु या तो कम हो रहे हैं,या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है, साथ ही उपलब्ध जल, जंगल, जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है।ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूण धारीय विकास करना, संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव, कस्बों, शहरों, मेट्रोपोलिटन शहरों में बढते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था, वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। क्योंकि जनसंख्या और संसाधनों के बीच एक स्थापित-सत्य यह है कि जिस देश में संसाधन अधिक हैं और जनसंख्या कम है तो उस देश में तीव्र गति से विकास होने की संभावनाएं हैं, वहीं दूसरी ओर यदि स्थितियां इसके विपरीत हैं अथार्त जनसंख्या ज्यादा है।

## न्यूज फ्लैश

### शंभू टोल प्लाजा पर किसानों ने पुतला फूंक किया प्रदर्शन

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: किसान** दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल चुके हैं। हालांकि वे पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। गतदिवस किसानों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला। वहीं वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के पुतले फूंकें जा रहे हैं। इससे पहले, रविवार (25 फरवरी) को किसानों ने केंद्र से वार्ता के संकेत दिए। किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के कोऑर्डिनेटर सरवण पंधेर ने शंभू बॉर्डर पर कहा-"सरकार बॉर्डर और इंटरनेट खोलने का काम कर रही है। अब इस माहौल में सही से बातचीत हो सकेगी।" संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रधान जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसानों को गोली मारने वालों पर कार्रवाई करे। पंजाब के अंदर घुसकर किसानों को उठाने, पीटने और ट्रैक्टर तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हो। आज भी रोजाना की तरह शंभू बॉर्डर पर किसान डटे रहे। किसानों ने आज भी मांगों को लेकर मंथन किया और आगे की रणनीति तैयार की। वहीं आज युवाओं और महिलाओं ने शंभू बॉर्डर पर सफाई अभियान भी चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भी रोजाना की तरह बॉर्डर पर लंगर चलता रहा। वहीं रोड बंद होने के कारण लोगों को पंजाब की तरफ जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा । हालांकि इंटरनेट चलने से किसानों ने थोड़ी राहत की सांस ली।

पंजाब में भी किसानों ने डब्ल्यूटीओ विरोध दिवस मनाया और पुतले फूंक कर प्रदर्शन किया। दरअसल, प्रमुख कृषि निर्यातक देशों ने 2034 के आखिर तक खेती को समर्थन देने के लिए डब्ल्यूटीओ सदस्यों के अधिकारों के वैश्विक स्तर पर 50% कटौती का प्रस्ताव दिया है। एसकेएम के आह्वान पर देशभर के किसान आज 'डब्ल्यूटीओ क्विट डे' के रूप में मनाया और दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक नेशनल और स्टेट हाईवे पर यातायात में बाधा डाले बिना ट्रैक्टर खड़े कर प्रदर्शन किया।

### आहुलाना में प्राचीन श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव व श्री श्याम संकीर्तन धूमधाम से मनाया



**गन्नौर।** गांव आहुलाना में प्राचीन श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव व श्री श्याम संकीर्तन धूमधाम से मनाया गया। समारोह में समाजसेवी हरिप्रकाश मंगला, मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान, भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, सुषमा अरोड़ा दिल्ली, रमेश पहलवान, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक रविन्द्र मछरौली, सचिन मित्तल समालखा, नरेश बसंल, राजीव मुखी आदि ने शिरकत की। महोत्सव में पहुंचने पर श्री श्याम मंदिर कमेटी की तरफ से अतिथियों का स्वागत किया गया। इससे पूर्व गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव के अलावा आसपास के गांवों की सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में बाबा श्याम के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री श्याम, शीश के दानी, हारे का सहारा के जयघोष पूरा मार्ग गूंजता रहा। निशान यात्रा के दौरान मार्ग में गायकों द्वारा डोरी खींच के राखिजे यो है बाबा को निशान, पैदल चालनिये के सागे चाले बाबा श्याम जैसे शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैडबाजा समेत एक वाहन पर सजा बाबा श्याम का दरबार के साथ बाबा श्याम और हनुमान जी का बड़ा ध्वजा लिये भक्त चल रहे थे। इस यात्रा में राधा-कृष्ण और हनुमान जी का रूप धारण किये कलाकारों द्वारा नृत्य भी किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित हवन यज्ञ में अतिथियों व ग्रामीणों ने आहुति डाली और मंदिर में पूजा अर्चना की। महोत्सव में आए गायक हरमिन्द सिंह रोमी, अन्जु सहरावत रोहतक ने बाबा श्याम के भजनों से श्री श्याम सत्संग में भक्तिमय माहौल बनाया। समाजसेवी हरिप्रकाश मंगला ने कहा कि बाबा श्याम जी भगवान कृष्ण के अवतार हैं। निर्बल और हारे हुए को सहारा देने वाले बाबा खाटू श्याम सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। सदियों से बाबा श्याम हारे तथा निर्बल लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा के स्त्रोत हैं। मन्नत ग्रुप के चेयरमैन व समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के अवतार बाबा श्याम वर्तमान युग में हर जरूरतमंद और सहारे की उम्मीद रखने वाले शख्स का भला करते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम से उनकी आस्था बाबा श्याम में मजबूत होगी। यह धाम प्राचीन धाम है। लोगों की आस्था का केन्द्र है। कार्यक्रम की व्यवस्था में ईश्वर सिंह पहल, जगमेन्द्र नम्बरदार, सुरेन्द्र पहल, सुरेन्द्र शर्मा व सभी ग्रामीणों के अलावा श्याम भक्तों ने संभाली।

# आदबी संगम कुरुक्षेत्र सभी भाषाओं का बहता नीर है: कौशल

## अदबी संगम कुरुक्षेत्र युवा कवियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है: सुबे सिंह सुजान

**शायरी**

**8 काव्य गोष्ठी की विशेषता यह रही कि यह नगर व गांव से दूर खेतों के बीच शायरी हाउस पर आयोजित की गई**



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः अदबी** संगम कुरुक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी जनाब सूबे सिंह सुजान प्रधान अदबी संगम कुरुक्षेत्र के निवास स्थान पोयट्री हाउस पर उनके गांव स्थान सुनेहडी खालसा में आयोजित की गई।गोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर सी डी एस कौशल निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी संस्कृति प्रकोष्ठ ने की और संचालन अदबी संगम के महासचिव डॉ संजीव अंजुम ने किया।

इस काव्य गोष्ठी की विशेषता यह रही कि यह नगर व गांव से दूर खेतों के बीच शायरी हाउस पर आयोजित की गई। इस काव्य गोष्ठी में अदबी संगम कुरूक्षेत्र एवं शहर के अन्य कवि/ शायरों ने भाग लिया।गोष्ठी में भाग लेने वाले कवियों में डॉ. सी. डी. एस. कौशल, डॉ संजीव अंजुम, डॉ सुभाष गर्ग पार्थ ,सुधीर ढांडा, वीरेंद्र राठौर सहदेव शर्मा, सूबे सिंह सुजान प्रकाश कुरुक्षेत्री डॉ बलवान सिंह बादल, सीमा बिरला, गंगा मालिक, डॉ शकुंतला शर्मा, संजय मित्तल, कविता क्वांर खेड़ी ,बलवान सिंह, कृष्ण व अन्य साथी उपस्थित रहे।डॉ चितरंजन दास कौशल ने अध्यक्षीय टिप्पणी में कहा की सभी भाषाएं बहता नीर हैं अदबी संगम कुरुक्षेत्र की विशेषता रही है यहां सभी भारतीय भाषाओं का संगम रहा है क्योंकि यह संस्था 55 वर्ष पुरानी है जिसमें उर्दू , हिन्दी ,अंग्रेजी, पंजाबी ,हरियाणवी , मुल्तानी आदि भाषाओं के कवि शायर भाग लेते रहे हैं ।

इसलिए सभी भाषाएं एक संगम है भाषाओं का विकास देश का विकास है संस्कृति का विकास है। मेजबान अदबी संगम अध्यक्ष सूबे सिंह सुजान ने कहा कि अदबी संगम सभी भाषाओं के कवियों का स्वागत करता है और काव्य को एक योग के रूप में प्रयोग करने के लिए बल देते हैं ।कविता जीवन की परिभाषा है, कविता जीवन को आनंद में बदलती है इसलिए समय-समय पर अच्छे

# नागरिक अस्पताल में बीसीजी के टीके लगने हुए शुरू

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अंबाला में बीसीजी के टीका लगाने का काम शुरू हो गया है अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में इस अभियान की शुरूआत कार्यकारी पी एम ओ डॉक्टर रेणु बेरी द्वारा की गई है। उनके साथ डॉक्टर चित्रा शर्मा, हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर जतिन यादव, एएनएम नीरू, स्टाफ नर्स वर्षा, सोनिया व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रही। इस बारे में कार्यकारी पीएमओ डॉक्टर रेणु बेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीसीजी का टीका अभी युवाओं को भी टीबी से सुरक्षित रखने के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को सिविल सर्जन डॉक्टर राकेश सहल के नेतृत्व में टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है बीसीजी टीकाकरण के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान भी किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत करीब 2 लाख लोगों को टीका

**अभियान**

**8 नागरिक अस्पताल में इस अभियान की शुरूआत कार्यकारी पी एम ओ डॉक्टर रेणु बेरी द्वारा की गई**

लगाने का लक्ष्य रखा है इस टीकाकरण से लोगों को फायदा होगा। डॉक्टर चित्रा शर्मा ने बताया कि इस अभियान में उन परिवारों को चिन्हित किया गया है जिनके परिवार में कभी टीबी के मरीज रहे हैं।इसके अलावा 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, जिन लोगों को पिछले 5 वर्षों में एक बार भी टीबी हुआ है, 60 वर्ष और उससे अधिक के बुजुर्ग, धूम्रपान करने वाले लोग, पिछले तीन साल में टीवी रोगियों के संपर्क में आने वाले लोग, मधुमेह के रोगी के साथ-साथ 18 किलो प्रति वर्ग मीटर में काम बीएमआई वाले व्यक्ति भी शामिल है।

### 13 वीं मंजिल से गिरी युवती, मौके पर ही मौत

**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र के स्थित फ्लैट से** संदिग्ध हालत में 13 वीं मंजिल से गिरकर युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एक महिला ने पुलिस को बयान देकर बताया कि उसकी बेटी सिमरन (26) गत दिनों से काफी मानसिक परेशान चल रही थी। वह उससे कम प्यार करने की बात कहती थी। वह दिन में घर पर मौजूद थी।

# कॉलोनी के अंदर लोग समस्याओं से परेशान: महीपाल

## हर वर्ग परेशान है चाहे कर्मचारी हो चाहे किसान हो मजदूर हो छोटा दुकानदार हो रेहड़ी वाला चाहे रिक्शेवाला

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः कांग्रेस नेता** चाणक्य पंडित व महीपाल सूबेदार ने पानीपत ग्रामीण की कॉलोनी में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत काबड़ी रोड़ स्थित कुलदीप नगर, गोपाल कॉलोनी, लख्मी कॉलोनी , नांगल खेड़ी स्थित विकास नगर , बाबैल रोड़ स्थित जगदीश नगर, राम नगर, शिवनगर करीब आधा दर्जन कालोनियो का दौरा किया।



चाणक्य पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा सरकार ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है हर वर्ग परेशान है चाहे कर्मचारी हो चाहे किसान हो मजदूर हो छोटा दुकानदार हो रेहड़ी वाला चाहे रिक्शेवाला हर तरफ लोग में हाहाकार मचा हुआ है लोग आंदोलन करते हैं अपने मांगों को लेकर के ऊपर लाठियां बरसाइ जाती हैं कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर के परेशान हैं किसान अपनी फसल का सही मूल्य ना मिलने पर परेशान है पिछले समय मैं भी किसान लंबे समय धरना देने के बावजूद भी इनकी सुनवाई नहीं हुई। फिर किसान सड़कों पर है कांग्रेस सरकार आने पर हर वर्ग का भला करने का काम किया जाएगा।

महीपाल सूबेदार ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलोनी के अंदर लोग समस्याओं से परेशान हैं उनकी सुनने वाला कोई नहीं है चाहे राशन कार्ड की बात हो चाहे प्रॉपर्टी आईडी की बात हो चाहे फैमिली आईडी की बात हो हर कॉलोनी वासी किसी ने किसी समस्या से ग्रेसत है मैं चेतन चाहता हूं मौजूदा विधायक को सांसद महोदय को की वोट लेने के लिए तो आप उनके बीच में आते हैं लेकिन समस्याएं सुनने के लिए और उनकी तकलीफें दूर करने के लिए कोई बाहर का व्यक्ति नहीं आएगा फिर आपने के बीच में वोट लेने के लिए आना है इसलिए वक्त रहते उनकी सुनो इनकी समस्याओं का समाधान हो। नहीं तो लोग आपको चुनाव के समय कॉलोनियों मे घुसना मुश्किल कर देंगे। इस मौके पर पूर्व एम सी रामचंद्र कादियन, पूर्व एस सी संजीव काला, पूर्व सरपंच राजवीर कादियन, डॉक्टर कृष्ण ,चंद्र श्याम शर्मा ,मास्टर ईश्वर, बलजीत सैनी, शमशेर वाल्मीकि ,रामकुमार कोरी, अंकित गर्ग ,विशंभर गुर्जर, सूबेदार जीत प्रजापत, कासिम खान ,अहमद खान, वाजिद अंसारी , सलमान,मोनू भाई, भूरा खान, विकास पंचाल,प्रवीण सैनी, सुधीर शर्मा, अजीत हुड्डा ,करण शर्मा ,सचिन शर्मा, सुमित पूनिया, सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।

### जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में मुख्य भूमिका निभाएंगे सुपरस्टार अनिल कपूर

**नोएडा।** सबसे तेजी से बढ़ती स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में जोशीले और बहुमुखी बॉलीवुड आइकन अनिल कपूर को शामिल किया है। अनिल कपूर के साथ इस साझेदारी का उद्देश्य उनके इन्हीं प्रशंसकों के बीच समावेशिता, उत्साह और उनके जैसा बनने की भावना को और बढ़ाना है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में सदाबहार और जोशीले अभिनेता अनिल कपूर को पसंद किया। उनकी बहुमुखी प्रतिभा, खास शैली और सभी प्रकार के दर्शकों के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता ने उन्हें जंगली पोकर के लिए एक दम सही विकल्प साबित हुए हैं। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। अनिल कपूर का बेहद खास झकास वाला एटीट्यूड एक पोकर खिलाड़ी से जुड़ी आम धारणाओं को खारिज करता है और इसकी यूनिवर्सल अपील पर जोर देता है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी।

# सेक्टर 7 में 14 वर्षीय बच्चे ने फंदा लगा दी जान

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अंबाला** शहर के सेक्टर 7 में 14 साल के बच्चे ने पंखे से लटक कर संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है बच्चे की मां की 1 महीना पहले एक्सीडेंट में मौत हो गयी थी तभी से बच्चे ने स्कूल जाना छोड़ दिया था और मानसिक रूप से परेशान रहता था।

परिवार यूपी का रहने वाला है और अंबाला में कुछ सालों से रह रहा है। इस हादसे के बाद से अंबाला में हर किसी का दिल दहल गया। बच्चा अपनी मां के जाने के बाद से अकेला हो गया था। मानसिक तनाव अंत में उसकी जान लेकर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबाला शहर के सेक्टर 7 में 8 वीं क्लास में पढ़ने वाले 14 साल के विकास ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। विकास के घर मे कोई नही था तब उसने पंखे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया वो यूपी प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं और अंबाला में काम करते हैं। विकास की मां की 1 महीना पहले सड़क हादसे में मौत हो गयी थी तब से विकास परेशान रहने लगा था और स्कूल तक जाना छोड़ दिया था। आज उसने घर मे दरवाजा बंद कर यह कदम उठा लिया।

सेक्टर-9 थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि घटना के सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ कर विकास के शव को बाहर निकाला । फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपने की व जांच की बात कही है।

# परेड करते हुए सांकेतिक रूप में कार्यक्रम आयोजित किया

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कमेटी के आह्वान पर विश्व व्यापार संगठन भारत के कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने वाली नीतियों के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत पानीपत नेशनल हाईवे नंबर वन नई अनाज मंडी के सामने किसान मजदूर संगठनों ने अपने विरोध को दर्ज करने के लिए दिल्ली की ओर ट्रैक्टरों का मुंह करके परेड करते हुए सांकेतिक रूप में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम जिला के इसराना, शाहपुर स्टेट हाईवे रोहतक पानीपत से हरिद्वार स्टेट हाईवे पर बापौली ब्लॉक की तरफ से किसानों ने अपने ट्रैक्टरों का मुंह दिल्ली की तरफ करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से देश के किसानों और कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने वाली नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। जिला संयोजक पूर्व प्रधान भारतीय किसान यूनियन जयकरण कादियान, सहसंयोजक सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाल्याण, बिंटू मलिक, राजकुमार

# विकसित भारत विकसित रेलवे कार्यक्रम में आर्य स्कूल के छात्र सम्मानित

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को विकसित भारत विकसित रेलवे अभियान के तहत आज रेलवे प्रशासन, सांसद संजय भाटिया तथा निवर्तमान मेयर अवनीत कौर ने 9 छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में कुमार सौरव, मीत कुमार, संयम ने भाषण प्रतियोगिता में, निबन्ध प्रतियोगिता में नियती, शिवानी व दीक्षान्त ने, चित्रकला प्रतियोगिता में विशू, कुनाल व अक्षित ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा छठी के छात्र यश



वर्मा ने देशभक्ति गाने प्रस्तुत किए। सांसद संजय भाटिया व अवनीत कौर ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनगस ने बताया कि विद्यालय में समय समय पर छात्रों को पढाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। उन्होने कहा कि विद्यालयों में पठन-पाठन के साथ सांस्कृतिक गतिविधि भी जरूरी है।

### कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा आमजन की करती रहेगी: ओमवीर

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में उझा रोड स्थित एकता विहार कॉलोनी स्थित कबीरपंथी धर्मशाला में क्षेत्र की आसपास की कॉलोनियों के आमजन की सेवा के लिए राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा के तत्वाधान में फ्री मेडिकल चेकअप कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें रोगियों की जांच न्यूरो सर्जन डा.अनिल आर्य, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.मुकेश कुमार व हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.अजय गोलयान, ह्र्दय रोग विशेषज्ञ डा.प्रीति ने 300 मरीजों की जांच की।

# सर्वसम्मति से अरुण सिंह को प्रधान धोषित किया

## मैं पूर्वांचल समाज को संगठित करने के लिए जी जान से कार्य करूंगा, समाज को एकत्रित करने का प्रयास करूंगा

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** पूर्वांचल समाज के लोगों ने नूरवाला के जसबीर कॉलोनी में संगठित होकर के पूर्वांचल जन सहयोग सेवा समिति के नाम से पूर्वांचल समाज का संगठन बना के सर्वसम्मति से अरुण सिंह को प्रधान और अभिषेक रावत को उपप्रधान घोषित किया। इस अवसर पर बोलते हुए नवनियुक्त प्रधान अरुण सिंह ने कहा है कि मैं पूर्वांचल समाज को संगठित करने के लिए जी जान से कार्य करूंगा पानीपत जिले में घूम-घूम कर समाज को एकत्रित करने का प्रयास करूंगा। अरुण सिंह ने कहा है कि हमारा समाज हजारों किलोमीटर दूर से आकर के पानीपत में मेहनत मजदूरी कर रहा है उनका राजनीति में कोई भी




भागीदारी नहीं है हमारा समाज 95% भारतीय जनता पार्टी को वोट करता है परंतु हमारे राजनीतिक भागीदारी नहीं है राजनीतिक पार्टिया हमारे को इस्तेमाल करती हैं और हमारी कोई पूछ नहीं है इस बार हमारी मांग है कि हमारे को पानीपत ग्रामीण विधानसभा से टिकट दिया जाए अरुण सिंह ने कहा है कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा में हमारे समाज के लगभग 30 हजार के करीब वोट हैं परंतु हमारी भागीदारी राजनीति में बिल्कुल नहीं है हमारा समाज उस पार्टी को वोट करेगा जो पार्टी हमारे को राजनीति में भागीदार बनाएगी। हमारा कोई भी पार्षद नगर निगम में नहीं है एक पार्षद सरकार ने नॉमिनेट किया था। परंतु स्थानीय विधायक के हस्तक्षेप के कारण उसको भी 2 घंटे के बाद हटा दिया गया था यह हमारे समाज का घोर अपमान था हम इसको कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**जिम्मेवारी**

**8 आकर के पानीपत में मेहनत मजदूरी कर रहा है उनका राजनीति में कोई भी भागीदारी नहीं है**

# सर्वांगीण विकास के लिए धर्म से जुड़ाव अनिवार्य: महामंडलेश्वर

## समन्वय, सभी का सम्मान भारतीय संस्कृति की विशेषता : डा. कृष्ण गोपाल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान, श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल के वार्षिक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भक्तिमय समागम सैंकड़ों धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।

इस सुअवसर पर प्राकृतिक वातावरण में उपचार तथा स्वास्थ्य लाभ हेतु स्थापित किए जा रहे प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को समर्पित श्री आत्म मनोहर जैन वेलनैस सेंटर एवं अढ़ाई हजार पक्षियों के आवास एवं स्थायी रूप से दाने-पानी की व्यवस्था से युक्त श्री आत्म मनोहर पीयूष पक्षी निलयम का निर्माण शुभारंभ किया गया।

निक बेकर्स समूह के विनोद मित्तल, निखिल मित्तल ने वेल नैस सेंटर तथा दर्शन देवी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री ताराचंद जैन (मेहम वाले) ने पक्षी निलयम के निर्माण का श्रीगणेश किया। वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति तथा अध्यात्म-प्रभु प्रेम से संबंधित लघु नृत्य नाटिकाओं से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के बैंड ने सभी अतिथियों का मनमोहक अंदाज में बहुमान किया।

महामंडलेश्वर स्वामी डा. शाश्वतानंद, स्वामी दिव्यानंद, स्वामी विकास देव, आचार्य सतपाल शर्मा ने अध्यात्म से जुड़ी बातों के माध्यम से सभी को प्रेरित किया और बतलाया कि सिर्फ भौतिक विकास ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सर्वांगीण विकास के लिए धर्म से जुड़ाव अनिवार्य है।

**समागम**

**8 सामंजस्यपूर्ण प्रेरणा नहीं मिलती, जिस कारण उनका प्रभावी काल अधिक दीर्घकाल तक नहीं रहा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहसरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल समारोह गौरव के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समन्वय, सभी का सम्मान भारतीय संस्कृति की विशेषता है। अन्य संस्कृतियों में इस प्रकार की सामंजस्यपूर्ण प्रेरणा नहीं मिलती, जिस कारण उनका प्रभावी काल अधिक दीर्घकाल तक नहीं रहा परंतु विभिन्नता के बावजूद एकता तथा सद्भाव की विद्यमानता भारत को विश्वगुरु और संपूर्ण संसार के पुरोधा के रूप में स्थापित करती है। सभी भारतीय परंपराएं मूल स्त्रोत में एक ही हैं तथा थोड़ी विभिन्नताओं के अलावा अधिकांश समानताएं इसका गौरव बढ़ाती है।

संस्थान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि धर्मस्थान संकुचित सांप्रदायिक सीमाओं में ना बंधकर सभी मानवों को आपसी प्रेम तथा भाईचारे के सूत्र में जोड़ते हैं और सभी की श्रद्धा का केंद्र होते हैं। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी तथा अपने दरबार में उपस्थित होने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करने वाले भक्तवत्सल देवता हैं। भक्ति के प्रवाह में भक्त को भी भगवान बनाने की शक्ति है।

# दस की दस लोक सभा सीटें जीतेगी भाजपा, घमंडिया गठबंधन का नहीं खुलेगा खाता: धुमन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उप चेयरमैन धुमन सिंह ने कहा कि घमंडीया गठबंधन ने चाहे कुरुक्षेत्र लोकसभा आप पार्टी को दी हो लेकिन हरियाणा में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जोड़ी ने विकास कार्य करवाए है, उन पर जनता ने अपना विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री ने वित मंत्री के नाते जो बजट अब की बार पेश किया है इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए आयुष्मान योजना व चिरायु योजना को लगभग हर एक व्यक्ति के लिए अवसर दिया है



ताकि कोई भी व्यक्ति अछूता ना रहे।बोर्ड उप चेयरमैन धुमन सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में केंद्र सरकार में प्रदेश सरकार के दोबारा से आने की लहर चल रही है और इस लहर में घमंडिया गठबंधन के के सभी उम्मीदवार धराशायी हो जाएंगे। अब तक 10 की 10 लोक सभा की सीटों पर भाजपा के पास हर सीट पर कई कई उम्मीदवार है, जबकि घमंडिया गठबंधन के पास एक भी सीट पर कोई उम्मीदवार सामने डर के मारे नहीं आ रहे हैं।

# सिसोदिया की गिरफ्तारी को एक साल...

## सीएम केजरीवाल पहुंचे राजघाट... दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली में शिक्षा के लिए काम कर रहे थे। लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें गलत तरीके से जेल में डाल दिया है: केजरीवाल

**बापू के दर पर**

**8 आज उन्हें जेल में गए एक साल पूरा हो गया है। यदि आज वह भाजपा ज्वाइन कर लेते हैं तो उन्हें राहत मिल जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को एक साल होने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विरोध के लिए राजघाट पहुंचे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ यहां उनकी कैबिनेट और आम आदमी पार्टी के विधायक पर मौजूद रहे। राजघाट पर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और केंद्र सरकार कर जमकर निशाना साधा। यहां उन्होंने महात्मा गांधी को याद किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली में शिक्षा के लिए काम कर रहे थे। लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें गलत तरीके से जेल में डाल दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि आज उन्हें जेल में गए एक साल पूरा हो गया है। यदि आज वह भाजपा ज्वाइन कर लेते हैं तो उन्हें राहत मिल जाएगी। केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का सहारा ले रही है। मनीष सिसोदिया हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वहीं ईडी के नोटिस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। कोर्ट का जो भी फैसला रहेगा हम उसे मानेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैग रिपोर्ट पर हमला करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना में भारी घोटाला हो रहा है। इलाज के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा हुआ है। भाजपा पर दिल्ली सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को रुकवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा उपराज्यपाल के माध्यम से उनकी योजनाओं को रुकवाने में लगी हुई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैग रिपोर्ट पर हमला करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना में भारी घोटाला हो रहा है। इलाज के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा हुआ है। भाजपा पर दिल्ली सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को रुकवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा उपराज्यपाल के माध्यम से उनकी योजनाओं को रुकवाने में लगी हुई है।



### 'अपने पापों का प्रायश्चित करना चाहते हैं केजरीवाल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 7वीं बार भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन का मजाक बनाकर जांच एजेंसी के सामने पेश होने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना था लेकिन वे वहां ना जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर जा रहे हैं। वे अपने पापों की प्रायश्चित करना चाह रहे हैं। मनीष सिसोदिया को शराब नीति में घोटाला कर जेल गए आज एक साल पूरा हो गया है और अरविंद केजरीवाल पहले मुख्यमंत्री हैं, जो अपने उपमुख्यमंत्री के जेल जाने की सालगिरह मना रहे हैं।

## कार्ति के खिलाफ चार्जशीट: संज्ञान मामले पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद संज्ञान लेने के मामले पर 16 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। ईडी ने 25 जनवरी को चार्जशीट दाखिल किया था। इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में पी चिदंबरम के आवास पर छापा मारा था।

सीबीआई के केस दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया था। सीबीआई के मुताबिक 14 मई 2022 को पी चिदंबरम के आवास पर तलाशी के बाद मामला दर्ज किया गया था। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि वो 2011 में अवैध रूप से 50 लाख रुपये की रिश्वत लेकर 263 चीनी नागरिकों के वीजा की सुविधा प्रदान कर रहे थे।

# केजरीवाल ने कोर्ट में माना- यूटूबर ध्रुव राठी का वीडियो रीट्वीट कर गलती की

**सुनवाई**

**8 अगर उन्हें पता होता कि अगर इसका परिणाम ऐसा होगा तो वे ऐसा नहीं करते। अगली सुनवाई 11 मार्च को**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा आईटी सेल को लेकर यूटूबर ध्रुव राठी के ट्वीट को रीट्वीट करने पर केजरीवाल के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्होंने वीडियो रीट्वीट कर गलती की है। अगर उन्हें पता होता कि अगर इसका परिणाम ऐसा होगा तो वे ऐसा नहीं करते। मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने केजरीवाल को राहत देते हुए राऊज एवेन्यू कोर्ट को निर्देश दिया कि जब तक ये मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तब तक वो न तो सुनवाई करेगा और न ही केजरीवाल के खिलाफ कोई निरोधात्मक आदेश पारित करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ट्रायल कोर्ट में शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा कि जब केजरीवाल ने गलती मान ली है तो अब क्या केस बंद कर सकते हैं।

इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि वे केजरीवाल की माफी पर निर्देश लेकर कोर्ट को बताएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने 5 फरवरी को कहा था कि किसी के बारे में अपमानजनक सामग्री को रीट्वीट करना मानहानि के बराबर है। अरविंद केजरीवाल के अच्छी-खासी संख्या में फॉलोअर्स हैं और वो वीडियो को रीट्वीट करने के नतीजों को बखूबी समझते हैं। अगर एक राज्य का मुख्यमंत्री किसी ट्वीट को बिना वेरिफाई किये रीट्वीट करता है तो ये मानहानि वाले कंटेंट को बढ़ावा देना ही है।

हाई कोर्ट ने इस केस में अरविंद केजरीवाल को तलब करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। इसके पहले 30 अक्टूबर 2019 को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने विकास सांकृत्यायन की आपराधिक मानहानि शिकायत पर समन किए जाने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देनेवाली केजरीवाल की अर्जी खारिज कर दी।

# नड्डा ने 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाई



**हरी झंडी**

**8 ये वीडियो रथ देश में यात्रा करेगा और 15 मार्च तक प्राप्त सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को भाजपा विस्तार कार्यालय से 'संकल्प पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत की और 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वीडियो रथ पूरे देश में यात्रा करेगा और 15 मार्च तक प्राप्त एक करोड़ से अधिक सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। जनता से मिले सुझावों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। इस मौके पर नड्डा ने कहा कि देश के लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। इसके अतिरिक्त नमो एप में भी इसके लिए एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी इन वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाएं हम तक पहुंचें और मोदी के नेतृत्व 2024 से अगले 5 वर्षों में उन्हें हम पूरा करेंगे और अमृतकाल में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की तरफ लंबी छलांग लगाने की ओर हम अग्रसर होंगे, ये हमारा संकल्प है। उन्होंने आह्वान किया कि विकसित भारत-मोदी की गारंटी के तहत लोग फोन नम्बर 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं, अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं। वीडियो वैन देश के कोने कोने में जाएगी और लगभग 1 करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे, जिनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे।

# डीएमआरसी ने मेट्रोपोलिस ट्रेनसेट का उत्पादन शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विश्वस्तरीय कंपनी एल्सटॉम ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) चरण 4के लिए मेट्रोपोलिस ट्रेनसेट का उत्पादन शुरू किया। नवंबर 2022 में साइन इस ऑर्डर का लक्ष्य 52 ट्रेन सेट वितरित करना है, जिनमें से प्रत्येक में छह कारें होंगी। यह परियोजना डीएमआरसी की तीन अलग-अलग लाइनों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है, जिसमें दो लाइनें मौजूदा लाइन 7 और लाइन 8 का विस्तार हैं, और नई गोल्ड लाइन 10 एयरोसिटी को तुगलकाबाद से जोड़ती है, जो कुल 64.67 किमी की दूरी तय करती है। इस मौके पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने कहा कि दिल्ली मेट्रो हमारे शहर की लाइफ लाइन है, और नए मार्गों के जुड़ने से राष्ट्रीय राजधानी में कनेक्टिविटी का विस्तार होगा। हमें यकीन है कि नए जमाने की ट्रेनें यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करेंगी।



वहीं एल्सटॉम इंडिया के प्रबंध निदेशक ओलिवियर लोइसन ने कहा कि दिल्ली मेट्रो के साथ हमारा पुराना संबंध है और यह एक भारत के सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्क के निरंतर विकास और विस्तार में शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। दिल्ली एनसीआर में यात्रियों के लिए इन आधुनिक ट्रेनों का निर्माण करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं। परियोजना का कुल मूल्य 312 मिलियन यूरो है, जिसमें 15 वर्षों की अवधि के लिए नई लाइन के 13 ट्रेनसेट का रखरखाव भी शामिल है। ये नई ट्रेनें सबसे उन्नत अत्याधुनिक हरित वाहन हैं, जिन्हें 95 किमी प्रति घंटे की सुरक्षित गति और 85 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति के लिए डिजाइन किया गया है। नई दिल्ली के भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे से प्रेरित होकर, ट्रेनों के सैलून इंटीरियर के दरवाजे के खंभे में केसरिया, सफेद और हरे रंग का मिश्रण होगा। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत, इन मेट्रोपोलिस ट्रेनों को पूरी तरह से भारत में डिजाइन किया गया है और इन्हें श्री सिटी (आंध्र प्रदेश) में विनिर्माण सुविधा में बनाया जाएगा। यह भारत में एल्सटॉम की सबसे बड़ी शहरी रोलिंग स्टॉक विनिर्माण साइट है, जिसमें प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए एक मजबूत पोर्टफोलियो है। उल्लेखनीय है कि इन वर्षों में, एल्सटॉम ने 800 से अधिक मेट्रो कारें प्रदान की हैं जो वर्तमान में दिल्ली मेट्रो प्रणाली में उपयोग में हैं, जो एशिया की सबसे बड़ी रैपिड ट्रांजिट प्रणालियों में से एक है।

**आधुनिक ट्रेनें**

**8 नवंबर 2022 में साइन इस ऑर्डर का लक्ष्य 52 ट्रेन सेट वितरित करना है, जिनमें से प्रत्येक में छह कारें होंगी**

# आवारा कुत्तों के हमले में मृत बच्ची के परिजन से मिले मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आवारा कुत्तों के हमले से जान गंवाने वाली बच्ची के परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए घटना पर बेहद दुखद जताया। उन्होंने मृतक बच्ची के परिजनों से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली और उनकी हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। बच्ची के परिजनों से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने ट्वीट कर बताया कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के धोबी घाट इलाके में शनिवार को कुछ आवारा कुत्तों के हमले में दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी। मृतक बच्ची के परिजनों से मिला। आवारा कुत्तों का खुलेआम रिहायशी इलाकों में घूमना बेहद गंभीर मामला है। एनडीएमसी के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस समस्या का तुरंत समाधान करें। बच्चों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे की यह घटना है। एनडीएमसी एरिया में तुगलक लेन के चमन घाट में करीब दो वर्षीय बच्ची माता-पिता के साथ रहती थी। घर के बाहर बच्ची पर कुछ आवार कुत्तों ने हमला कर दिया। जिसमें बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई थी। घर में बच्ची को न पाकर परिजन उसकी तलाश करने लगे तो घर के बाहर कुछ कुत्ते बच्ची पर हमला करते हुए देख। परिजनों ने कुत्तों से बच्ची को मुक्त कराया और गंभीर हालत में उसे सफदरजंग अस्पाल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**मदद का भरोसा**

**8 परिजनों ने गंभीर हालत में उसे सफदरजंग अस्पाल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था**

# नाबालिग से दुष्कर्म: पूर्व अधिकारी और पत्नी को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पॉक्सो मामले में प्रेमोदय खाखा और उनकी पत्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। उनकी पिछली जमानत अर्जी भी ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दी थी। दिल्ली सरकार के पूर्व उपनिदेशक प्रेमोदय खाखा और उनकी पत्नी ने इस आधार पर उच्च न्यायालय में अपील दायर की कि दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ पूरी चार्जशीट दायर नहीं की है। उन्होंने कहा, इसलिए वे डिफॉल्ट जमानत के हकदार हैं। दिल्ली के महिला एवं बाल विभाग में कार्यरत आरोपी अधिकारी और उसकी पत्नी ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167(2) के तहत जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले में आरोपपत्र समय पर दायर किया गया था और कानून के अनुसार संज्ञान भी लिया गया है। न्यायमूर्ति सिंह ने आगे कहा कि जब खाखा को अस्पताल ले जाया गया तो वह जांच अधिकारियों को चिकित्सा साक्ष्य उपलब्ध कराने में विफल रहे और मामले में दो सह-अभियुक्त अभी भी फरार हैं। उन्होंने खाखास की याचिका को खारिज करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।

# ट्रैक्टर मार्च: गाजीपुर बॉर्डर पर बढ़ाई सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा ट्रैक्टर मार्च का आह्वान किए जाने के मद्देनजर गाजीपुर बॉर्डर पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके लिए दिल्ली पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बलों को भी काफी संख्या में तैनात किया गया है। बॉर्डर पर उप्र पुलिस के जवान भी मुस्तैद हैं। वहीं, दिल्ली उप्र बॉर्डर का सर्विस लेन 12 फरवरी से बंद है, इसलिए ट्रैफिक को आनंद विहार और गाजीपुर पेपर मार्केट की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है। गाजीपुर बॉर्डर पर आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया है। साथ ही बॉर्डर को पूरी तरीके सील करने की भी व्यवस्था की गई है और लोहे व कॉन्क्रीट की बैरिकेडिंग रखी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 24 और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर आवाजाही सुचारू रूप से जारी है, हालांकि सड़क पर बैरिकैडिंग रखे जाने की वजह से ट्रैफिक की रफ्तार थोड़ी धीमी है।



## मंगोलपुरी स्थित फैक्ट्री में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में रविवार रात आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दर्जनभर से ज्यादा गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के समय फैक्ट्री में कोई भी मजदूर या कर्मचारी नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। हालांकि फैक्ट्री में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। दमकल अधिकारी के अनुसार आग लगने की सूचना करीब रात नौ बजे मिली थी।

# ईडी के सामने फिर पेश नहीं हुए सीएम केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने ईडी के सातवें समन पर कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल ईडी के ऑफिस नहीं जाएंगे। क्योंकि अभी मामला कोर्ट में लंबित है। जिसकी सुनवाई 16 मार्च को होगी। आप ने आगे कहा कि रोज समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। हम इंडिया गठबंधन का साथ नहीं छोड़ेंगे। हमारे ऊपर इस तरह से मोदी सरकार दबाव न बनाए।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीती 22 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने सातवां समन जारी कर सोमवार 26 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। अब तक मुख्यमंत्री को सात समन जारी हो चुके हैं। लेकिन अभी तक वह दिल्ली शराब घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए हैं। इससे पहले 14 फरवरी को छठा समन जारी कर 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। लेकिन केजरीवाल उस समन पर पेश नहीं हुए थे। उन्होंने कहा था कि अभी मामला कोर्ट में चल रहा है। इसलिए ईडी कोर्ट के फैसले का इंतजार करे।

**पेश नहीं होने पर भाजपा ने कसा केजरीवाल पर तंज:** ईडी समन पर पेश नहीं होने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भगौड़ा नंबर 1 के खिताब से नवाजा जाना चाहिए। जिसने अन्न हजारे का इस्तेमाल किया।

**समन था**

**8 आम आदमी पार्टी ने ईडी के सातवें समन पर कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ईडी के ऑफिस नहीं जाएंगे**

# आ रहा है गोल्डन लाइन कॉरिडोर, एल्सटॉम तैयार करेगी 52 ट्रेनें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो के फेज-चार में दौड़ने वाली ट्रेनों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वहीं डीएमआरसी ने एक नया अपडेट जारी कर दिया है। एयरोसिटी को तुगलकाबाद से जोड़ने वाली नई गोल्ड लाइन 10 होगी। जिसे गोल्डन लाइन कॉरिडोर के नाम से जाना जाएगा। जो कुल 64.67 किमी की दूरी तय करती है। डीएमआरसी ने एयरोसिटी कॉरिडोर के रंग कोड में बदलाव का एलान किया। यह फैसला विजिबिलिटी संबंधी समस्या के बाद लिया गया है। मेट्रो कोचों पर सिल्वर कलर है। जो स्पष्ट दिखाई नहीं देता है।

एल्सटॉम कंपनी 52 ट्रेनें तैयार करेगी। प्रत्येक ट्रेन छह कोच की होगी। नवंबर 2022 में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने आर्डर दिया था। मेक इंन इंडिया के तहत आंध्रप्रदेश के श्रीसीटी में ट्रेनें तैयार की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रोजेक्ट का कुल मूल्य 312 मिलियन यूरो है, जिसमें 15 वर्षों के लिए नई लाइन ट्रेनों का रखरखाव भी शामिल है। नई ट्रेनें अत्याधुनिक हरित वाहन होंगी।

**राहत**

**8 नवंबर 2022 में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने आर्डर दिया था**



चालक रहित ये ट्रेनें 95 किमी प्रति घंटे की सुरक्षित गति के लिए डिजाइन की जा रही हैं। ट्रेनों के अंदर के दरवाजों के पोल में केसरिया, सफेद और हरे रंग का मिश्रण होगा।

**2026 तक पूरा होगा पिंक लाइन का विस्तार:** दिल्ली मेट्रो फेज-चार के मौजपुर-मजलिस पार्क (पिंक लाइन के विस्तार) कॉरिडोर पर मेट्रो वर्ष 2026 से रफ्तार भरने लगेगी। 12.32 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का निर्माण कार्य 20 माह में पूरा किया जाएगा। इसका निर्माण पूरा होने से यह देश का पहला 70 किलोमीटर के दायरे का रिंग मेट्रो कॉरिडोर बन जाएगा। इससे दिल्ली के सभी कोने से यात्रियों को रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजार और बस अड्डा कम समय में पहुंच सकेंगे। वर्तमान में कॉरिडोर का निर्माण कार्य 78 प्रतिशत तक पूरा कर लिया है। इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे जिसमें से तीन स्टेशन बुराड़ी, झारोदा माजरा और जगतपुर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। सिविल संरचनाओं की निर्माण गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं, जिनमें स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार, तकनीकी कमरों, कॉनकोर्स प्लेटफार्मों पर परिष्करण कार्य, प्लेटफॉर्म-स्तरीय पीईबी और ट्रैक बिछाने का कार्य शामिल हैं। सिविल संरचना पूरा होने के बाद इन स्टेशनों को यात्री सेवा उपकरण (पीएसडी), लिफ्ट, एस्केलेटर सहित अन्य स्टेशन उपयोगिताओं को लगाने का काम किया जाएगा।

**एलिवेटेड ढांचे के साथ बनाया जा रहा फ्लाईओवर**

मौजपुर-मजलिस पार्क कॉरिडोर पर सूरजघाट के नजदीक फ्लाईओवर व मेट्रो लाइन का एक साथ संयुक्त ढांचा तैयार किया जा रहा है। डीएमआरसी व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मिलकर पहली बार यह संयुक्त ढांचा तैयार कर रहे हैं। इसके तहत एक ही एलिवेटेड ढांचे पर फ्लाईओवर और इसके समानांतर मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। इससे दिल्ली में फ्लाईओवर पर वाहनों के साथ-साथ मेट्रो भी दौड़ेगी।

# कैट 8 को दिल्ली में करेगा लखपति दीदी महिला उद्यमी सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) 8 मार्च को राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में लखपति दीदी महिला उद्यमी महासम्मेलन करेगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि रिटेल ट्रेड के महत्वपूर्ण अंग डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र के दो बड़े संगठनों एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटीटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) तथा फेडरेशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (एफडीएसए) के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महासम्मेलन में देश के सभी राज्यों की 25 हजार लखपति दीदी महिला उद्यमी भाग लेकर धन्यवाद मोदी का जयघोष करेंगी। एडीएसईआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि डायरेक्ट सेलिंग व्यापार के लिए देश में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय ने डायरेक्ट सेलिंग रूल्स बनाए हैं जिससे इस व्यापार से जुड़े लाखों लोगों में विशेष रूप से महिलाएं हैं।

**महासम्मेलन**

**8 देश के सभी राज्यों की 25 हजार लखपति दीदी इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगी**

# 'ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं'

## कबड्डी महाकुंभ में शेखपुरा के लोगों ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान का किया भव्य स्वागत, पुष्प वर्षा कर कंधों पर बैठाया



**प्रतियोगिता**

**8 हारने वाली टीम को निराश नहीं होकर भविष्य में आयोजित होने वाले मुकाबलों के लिए तैयार रहना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: उपमंडल के** गांव शेखपुरा में सर्कल कबड्डी महाकुंभ का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने को लेकर अपना दमखम दिखाया। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने कादियान पर फूलों की बौछार करने के साथ पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया। उन्हें कंधों पर बैठाकर खेल ग्राउंड तक ले जाया गया। इसके बाद कादियान ने खिलाड़ियों से रूबरू होकर खेल का शुभारंभ कराया। कबड्डी महाकुंभ का फाइनल मुकाबला बेहद रोचक खेला गया। कांटेदार मुकाबले में बहु अकबरपुर की टीम ने जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने विजेता टीम को 71 हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया। दूसरे स्थान पर रही फरमाणा की टीम को 51 हजार रुपए और तीसरे नंबर पर मोरखी, शाहपुर को 31 हजार रुपए का इनाम दिया गया। बेस्ट रेडर दीनू जवारा व बेस्ट कैचर रोकी बहु अकबरपुर को 21-21 हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया। कबड्डी महाकुंभ का आयोजन शेखपुरा सरपंच कर्मबीर उर्फ कर्मा व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। खेल में विशिष्ट अतिथि आईआरएस अंकुर रापरिया व जॉइंट कमिश्नर फरीदाबाद ओमप्रकाश नरवाल पहुंचे। बतौर मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। बल्कि वह अपने स्तर पर खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करने का काम करते है। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। स्पर्धा में एक टीम की हार व जीत सुनिश्चित होती है। इसलिए हारने वाली टीम को निराश नहीं होकर भविष्य में आयोजित होने वाले मुकाबलों के लिए तैयार रहना चाहिए। समापन पर आयोजकों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने भी जोरदार स्वागत के लिए आयोजनकताओं का आभार व्यक्त कर कहा कि इस सम्मान को भुलाया नहीं जाएगा। इस अवसर पर विजयपाल, गुल्लू रापरिया, बिल्लू, सुरेंद्र काला, रणबीर चेयरमैन, महासिंह प्रधान, विक्की पहलवान, अनुपम रापरिया, मंजीत सरपंच आदि मौजूद रहे।

# मेयर निखिल मदान ने सुनी समस्याएं

## पुरानी सीवरेज लाइन के ठप्प होने के चलते गलियों में हो रहा दूषित जलभराव।

**जर्जर**

**8 न्यू ब्रह्म कालोनी की गली नं 2 में वर्षो पुरानी सीवरेज लाइन जो पूरी तरह से जर्जर हालत में है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** मेयर निखिल मदान सोमवार सुबह वार्ड नं 10 के न्यू ब्रह्म कालोनी क्षेत्र में पहुंचे जहाँ उन्होंने आमजन की सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव संबंधी समस्याएं सुनी और मौके पर ही निगम अधिकारियों को समस्या के स्थाई समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए। स्थानीय निवासी सुनील भारद्वाज ने बताया कि न्यू ब्रह्म कालोनी की गली नं 2 में वर्षों पुरानी सीवरेज लाइन जो पूरी तरह से जर्जर हालत में है और बिल्कुल ठप्प हो चुकी है। इसके अवरुद्ध होने के कारण गली के सारे मेन होल ओवरफ्लो हो रहे है, और पूरी गली में दूषित जल भराव की समस्या पैदा हो रही है। बरसात के समय गली में कई कई फुट पानी खड़ा हो जाता है जिससे गलीवासियों का घर से निकलना दूभर हो जाता है। साथ ही विभिन्न बीमारियों के फैलने की भी आशंका बनी रहती है। इसके चलते क्षेत्रवासी बेहद परेशान है और उनकी यही मांग है कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का स्थाई रूप से समाधान किया जाये।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय लोगों के माध्यम से उपरोक्त समस्या उनके संज्ञान में आयी थी। आज उन्होंने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया है। फि लहाल सुपर सकर और जेटिंग मशीन को बुलाकर सीवरेज लाइन को खोला जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा जिला अध्यक्ष के अभिनंदन समारोह का किया गया आयोजन



**कमाल हुसैन**
**पानीपत एकता** विहार कॉलोनी के शिव मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया` भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का कार्यक्रम में पहुँचने पर फूल मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ नाच-गाकर भव्य स्वागत किया गया` कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता दलविन्द्र जांगड़ा ने की` मास्टर सुरेन्द्र ने सभी का स्वागत किया और प्रेम प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त कियो इस अवसर पर विभिन्न पार्टियों के 21 नेताओं और कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की` समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली और लोकप्रिय नेता बन गए हैं आज सारा विश्व अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए मोदी की ओर निहार रहा है` यही नहीं मोदी सरकार ने जब भी विश्व के किसी भी देश पर कोरोना महामारी जैसा किसी भी प्रकार का संकट आया है तो सरकार ने आगे बढ़कर ऐसे देशों की मदद कर मानवता के आधार पर दोस्ती का हाथ आगे बढ़ाया है और विश्व के अधिकतर देशों को जहाँ कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध करवाई, वहीं खाद्य संकट से गुजर रहे देशों को अनाज उपलब्ध करवाया है` उन्होंने कहा कि आगामी 7 मार्च को करनाल में प्रदेश स्तरीय नारी वंदन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाशाली महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा` उन्होंने कहा कि आज भारतीय संस्कृति के रक्षक, क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक वीर सावरकर की पुण्यतिथि सारा विश्व मना रहा है` वीर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को भगुर, नासिक महाराष्ट्र में हुआ और 26 फरवरी 1966 को बम्बई में उनका बलिदान हुआ था` उन्होंने कहा कि सावरकर जैसी महान शख्सियत ने आर्थिक संकट के बावजूद उच्च शिक्षा की इच्छा का समर्थन किया। उन्होंने नवयुवकों को संगठित करके मित्र मेलों का आयोजन किया जिसके फलस्वरूप नवयुवकों में राष्ट्रीयता की भावना के साथ क्रान्ति की ज्वाला जाग उठी । ऐसे देशभक्त बलिदानियों के प्रयासों से ही देश आजाद हुआ और मोदी जी के प्रयासों से शीघ्र ही यह देश विश्व की तीसरी शक्ति बन जाएगा` वीर सावरकर जैसे राष्ट्रवादी बलिदानियों के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत में राष्ट्रवाद का रंग तेजी से गाढ़ा हो रहा है` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वीर सावरकर के बताए मार्ग पर चलते हुए अन्तोदय की भावना से समाज के उत्थान के लिए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण करने के सभी प्रयास कर रही है और अब देश के अधिकतर परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं समारोह में प्रमोद कुमार, संदीप पुनिया, फंटूस कुमार, राजेन्द्र दलाल, मोनू उपाध्याय, राहुल चड्डा, रामकुमार प्रजापत, अंकित कुमार, संदीप कुमार, रोहताश सैनी, अनिल, नाथी राम उपाध्याय, पवन पांचाल, प्रेम प्रजापत, कपिल शर्मा, रोहित ठाकुर, बिट्टू सैनी, विशाल गुर्जर, तेजबीर और धर्मवीर सैनी और रामकुमार ने भाजपा ज्वाइन की

### डीडीपीओ ने संभाला कार्यभार

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः जिला** विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पाराशर ने कार्यभार सम्भालने के बाद सोमवार को अपने कार्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग से सम्बंधित सभी लम्बित कार्य पूरे किये जाएं। इसको लेकर सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों से रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी। जहां-जहां भी कार्य लम्बित पड़े हैं उन्हें तय समय में पूरा करवाया जाएगा। डीडीपीओ विशाल पाराशर ने कहा कि ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाना उनका लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यालयं में सभी कार्य तत्परता से निपटें और सभी कर्मचारी निष्ठद्दा और ईमानदारी से अपने कार्य को करें। उन्होंने कहा कि गांव में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाना उनके प्रमुख कार्यो में से एक रहेगा। इसके लिए उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में काम किया जाएगा।

# युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेशकर लिया पुलिस रिमाण्ड पर

**काबू**

**8 जिले के थाना बड़ी की पुलिस ने युवक की हत्या करने की घटना मे संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के थाना बड़ी** की पुलिस ने युवक की हत्या करने की घटना मे संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नेपाल पुत्र मोहनलाल निवासी सीतापुर वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत, राकेश पुत्र खेमकरण निवासी सीतापुर वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत, आशीष पुत्र जगन्नाथ निवासी सीतापुर वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत, धीरज पुत्र गोपाल निवासी आगरा वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत व नागेन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी बांका बिहार हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 12 फरवरी को शिवकुमार पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी लखीमपुर खीरी वढ हाल गाँव रतनगढ़ जिला सोनीपत ने थाना बड़ी में शिकायत दी थी कि मै करीब 2 वर्ष से गाँव रतनगढ मे सन भीम गत्ता फैक्ट्री मे काम करता हुँ मेरा बडा लडका प्रदीप पाल बा उम्र 20 साल जो अपने मामा नेपाल पुत्र मोहन लाल निवासी रजुआपुर जिला सीतापुर व.ढ के पास गांव बडी में करीब चार महीने से रहता था आज सुबह करीब 9.00 बजे मुझे मेरे साले धर्मपाल ने सुचना दी कि प्रदीप पाल की किसी ने हत्या कर दी है जो मैने मौका पर जाकर देखा कि मेरे लडके प्रदीप पाल की बेरहमी से तेज धार हथियार से चोट मारकर हत्या की गई है और सबूत मिटाने कि नीयत से शरीर के कुछ हिस्सो को अधजला किया हुआ है जिन व्यक्तियो ने मेरे बेटे प्रदीप पाल को हत्या की है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना बड़ी में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना बड़ी की अनुसंधान टीम मे नियुक्त रक सुखबीर ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त पांच आरोपियों नेपाल पुत्र मोहनलाल निवासी सीतापुर वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत, राकेश पुत्र खेमकरण निवासी सीतापुर वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत, आशीष पुत्र जगन्नाथ निवासी सीतापुर वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत, धीरज पुत्र गोपाल निवासी आगरा वढ हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत व नागेन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी बांका बिहार हाल गाँव बड़ी जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

# चुनाव में सभी अधिकारी जिम्मेदारियों को निभाएं गम्भीरता से: एसडीएम

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया के दिशा निर्देश पर सोमवार को जिला सचिवालय में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रथम दिन जिले के सभी तहसीलदारों को चुनाव के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में नागरिक के पास सबसे बड़ी ताकत वोट की होती है। हमें चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता पूर्वक निभाना है। अधिकारियों को चुनाव संबंधित प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है इससे चुनाव कराने में आसानी होती है व चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों की जानकारी प्राप्त होती है।

एसडीएम ने प्रशिक्षण में अधिकारियों को बताया कि एक प्रत्याशी चुनाव के दौरान नामांकन कैसे कर सकते हैं उसे कौन-कौन से दस्तावेज नामांकन के साथ लगाने होतें हैं व नामांकन का पूरा शैडयूल क्या होता है, कितने समय तक नामांकन लिये जा सकते हैं। नामांकन की सक्रूटनी कैसे होती है। इसकी पूरी जानकारी प्रशिक्षण के दौरान लें।

# 4 मार्च को होगा खुखराना गांव के 42 प्लाटों का ड्रा

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार की उपस्थिति में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने खुखराना गांव को शिफ्ट्ट करने के मामले को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली और इस पर समीक्षा की।
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बैठक में उपस्थित राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार जानकारी दी की लाल डोरे के अन्दर के खुखराना गांव के 42 प्लाटों का ड्रा 4 मार्च को निकाला जाएगा। प्लाटों के अलॉटमेंट पत्र देने के लिए डीडीपीओ, डीआरओ, तहसीलदार और बीडीपीओ की कमेटी गठित की गई है। उक्त सभी अलॉटमेंट पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर इन्हें प्रदान करेंगे।
उपायुक्त ने कहा कि 31 मार्च तक गांव शिफ्ट्ट करने की तैयारियां की जाए। बैठक में पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता ने उपायुक्त को जानकारी दी की सभी गलियां लगभग बनकर तैयार हैं। एक गली का कार्य अभी हॉल ही में शुरू किया गया है जिसे जल्द पूरा कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि बिजली से सम्बंधित क्नैक्शन के लिए राजस्व विभाग की ओर से यूएचबीवीएन को अण्डरटेकिंग देकर काम शुरू करवाया जाएगा।

# कप्तान नांदल को लोसभ व विस चुनाव में संयोजक नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः भाजपा द्वारा** गांव उदेशीपुर निवासी कप्तान नांदल को सोनीपत लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव का संयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर कप्तान नांदल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक, विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा के अलावा पार्टी के अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया है। कप्तान नांदल को पार्टी द्वारा संयोजक नियुक्त करने पर जी टी रोड स्थित नांदल के कार्यलय में पार्टी के कार्यकताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कप्तान नांदल ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा लोकसभा व विधानसभा चुनाव में गन्नौर हलके में संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए मेहनत से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सोनीपत लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी के



प्रत्याशियों की भारी बहुमत से जीत होगी। भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से जनता खुश है। इस मौके पर मेहर सिंह शर्मा, सुभाष नम्बरदार, डा. बलजीत जैन, मास्टर अजमेर, पप्पी सनपेड़ा, जगदीश वधवा आदि मौजूद थे।

# मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड अभियान के अन्तर्गत मादक पदार्थ (हैरोइन) सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रिमांड पर लिया**

**8 गिरफ्तार आरोपियों पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन पुलिस हिरासत रिमाण्ड पर लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः पुलिस** आयुक्त सोनीपत बी सतीश बालन के कुशल मार्गदर्शन में जिला के एन्टी नारकोटिक्स सेल स्टाफ सोनीपत की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को हेरोइन(चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र अजित निवासी जटवाड़ा व मोहित पुत्र भूपसिंह निवासी वेस्ट रामनगर सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 25 फरवरी को एन्टी नारकोटिक्स सेल स्टाफ सोनीपत के अनुसंधानकर्ता सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में रोहत नहर पुल, सोनीपत के पास मौजूद था की सूत्रों से खबर मिली की दीपक पुत्र अजित निवासी जटवाड़ा व मोहित पुत्र भूपसिंह निवासी वेस्ट रामनगर सोनीपत नशीले पदार्थ बेचने का काम करते है जो अपनी गाडी में कुछ देर बाद इधर से ही आयेंगे कुछ देर बाद सुचना प्राप्त हुलिए की गाडी जिसकी पहचान उसकी नम्बर प्लेट से की गई को पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर रुकवाया। जिनकी नियमानुसार ड्युटी मजिस्ट्रेट के सामने तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध हेरोइन(चिट्टा) मिली। जिसका वजन करने पर 14 ग्राम मिला। इस घटना का मादक द्रव्य निरोधक अधिनियम के अन्तर्गत थाना सदर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र अजित निवासी जटवाड़ा व मोहित पुत्र भूपसिंह निवासी वेस्ट रामनगर सोनीपत से प्रारम्भिक पूछताछ करने पर अपने किये अपराध की स्वीकारोक्ति करते हुये बताया कि इस अवैध हैरोइन को दो दिन पहले ही दिल्ली निवासी एक व्यक्ति से लेकर आए थे। गिरफ्तार आरोपियों न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन पुलिस हिरासत रिमाण्ड पर लिया है।

# नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदान जागरूकता अभियान आयोजित

**अभियान**

**8 नेहरू युवा केंद्र की ओर से राजकीय महाविद्यालय बापौली में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया**

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः**
**युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निदेर्शानुसार व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से सोमवार को राजकीय महाविद्यालय बापौली में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राजकीय महाविद्यालय बापौली के प्रधानाचार्य जोगिंदर बोरिया ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद की लेखालिपिक कु0 कनिका एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश ने की।
प्रधानाचार्य जोगिंदर बोरिया ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि उनका प्रत्येक वोट लोकतंत्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सकारात्मक परिणामों के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए।

# पीएम ने गोहाना सहित 550 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना(सोनीपत): प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गोहाना सहित देश के 550 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास करने के साथ-साथ रेलवे से जुड़ी 02 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गोहाना रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि गोहाना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का शुभारंभ किया। सांसद ने गोहानावासियों को बधाई देते हुए कहा कि गोहाना रेलवे स्टेशन को भव्य रूप देने के लिए 25 करोड़ से



अधिक रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत यहां लोगों के बैठने के लिए वेटिंग रूम, प्रत्येक प्लेटफार्म में स्वचालित सीढियों का निर्माण, विकलांगों व वृद्ध लोगों की सुविधा के लिए लिफ्ट का निर्माण, पढ? वाले बच्चों व यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई की सुविधा, शॉपिग कक्ष सहित स्टेशन द्वारा का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के पूरा होने पर यात्रियों को एयरपोर्ट की भांति सभी सुविधाएं मिलेगी।
सांसद ने कहा कि जब भाजपा की सरकार आई तो हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें नंबर पर थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों और हमारी योजनाओं में किए गए एतिहासिक परिवर्तनों से आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवे स्थान पर है। आने वाले 2027 तक देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में पूरे विश्व के सामने खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व हमारे प्रधानमंत्री की ईज्जत करता और प्रत्येक देश भारत के साथ हाथ मिलाकर विकास के रास्ते पर आगे बढना चाहता है। देश को विश्व में इतनी इज्जत व नाम दिलवाने का श्रेय हमारे लोकप्रिय प्रधामंत्री को जाता है, जिन्होंने अपनी सोच व नीतियों के कारण पूरे विश्व को दिखा दिया कि किस प्रकार विकासशील देश विकास के रास्ते पर तेजी के साथ आगे बढ़ सकता है। सांसद कौशिक ने कहा कि देश में 2014 में भाजपा के बनने के बाद भारतीय रेलवे के स्वर्णिम काल की शुरूआत हुई। पहले की सरकार केवल बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों पर पैसे खर्च करती थी लेकिन भाजपा सरकार ने देश के हर क्षेत्र को एक साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से देश में अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत की और इस योजना के तहत आज देश के सभी छोटे व बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों को भव्य रूप देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2014 में रेलवे का बजट 65 हजार करोड़ रुपए था, जिससे बढ़ाकर आज भाजपा सरकार ने इसे इस वर्ष 02 लाख 55 हजार करोड़ रुपए किया है। आज देश में सभी जगहों पर नई रेलवे लाईन बिछाई जा रही है ताकि हर व्यक्ति की पहुंच रेलवे तक हो और वह आराम से इसमें यात्रा कर सके।

# कुंडली नपा चेयरपर्सन व पार्षदों ने किया निरंजन मास्टर का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः कुंडली** नगरपालिका चेयरपर्सन शिमला देवी व पार्षदों ने सोमवार को भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला सह संयोजक व पार्षद निरंजन मास्टर का भव्य स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर जिला सह संयोजक व पार्षद निरंजन मास्टर को फूलमाला व पगड़ी पहना कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नगरपालिका चेयरपर्सन शिमला देवी ने इस मौके पर कहा कि हरियाणा के विकास में पूर्वांचल वासियों का अहम योगदान है। आज पूर्वांचल समाज के लोग हरियाणा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। कार्यक्रम में पहुंचे पार्षद प्रवीण खत्री, पार्षद प्रदीप जयंत, पार्षद नरेश खत्री , पार्षद नितिन कौशिक, पार्षद लक्ष्मण गुज्जर, पार्षद पंकज , युवा मोर्चा सचिव रोहित आर्यन, समाज सेवी परवाज, छोटू, विक्रम, निरंजन, जयप्रकाश आदि ने भी पार्षद निरंजन मास्टर को बधाई दी ।
चेयरपर्सन शिमला देवी ने कहा कि प्रदेश के विकास में कृषि और उद्योग दोनों का क्षेत्रों का मुख्य योगदान है और दोनों में पूर्वांचल समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पूर्वांचल समाज के लोग प्रदेश के विकास की धुरी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा भी पूर्वांचल समाज को प्रदेश में राजनीतिक रूप से मजबूत बनाना चाहती है। बिहार के छपरा जिले के गांव आमी के मूल निवासी निरंजन मास्टर कुंडली नगरपालिका के वार्ड-5 से पार्षद हैं और अब उन्हें भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक भी बनाया गया है । उन्होंने भरोसा जताया कि कुंडली क्षेत्र के विकास में भी पूर्वांचल के लोग निर्णायक भूमिका निभाएंगे ।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस एवं पतझड़ में 'वसंत का लोकार्पण'








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के कला निधि विभाग एवं हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में जनपथ होटल स्थित तरंग सभागार में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस तथा सुप्रसिद्ध लेखिका पदमश्री शीला झुनझुनवाला की किताब पतझड़ में वसंत का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष, सुधाकर पाठक ने करते हुए कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी के रिश्तों का मशीनीकरण हो चुका है, अर्थात उनका अपने ही मातपिता से उपेक्षापूर्ण रवैया है। इस लोकार्पण सत्र में सत्ताणवे वषीर्या वरिष्ठ लेखिका, पद्मश्री शीला झुनझुनवाला के उपन्यास का विमोचन यूनेस्को में भारत के प्रतिनिधि डॉ रमेश चंद्र गौड ने करते हुए कहा कि 97 वर्षीय सुप्रसिद्ध लेखिका के दीर्घायु होने की मैं कामना करते हुए उनके उपन्यास में वृद्ध जीवन रूपी पतझर में वसंत लाने का वर्णन जो किया है, जो अपने आप में कटु सत्य है और पूरे समाज को आईना दिखाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक अतुल प्रभाकर, डॉ संजीव कुमांर, किशोर श्रीवास्तव, अनिल मीत,विनोद पाराशर, कलमकार राजव्रत, विजय शर्मा तथा डॉक्टर सोनिया अरोडा की विशेष तौर पर उपस्थित रही। इसके साथ दूसरे सत्र में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मातृभाषा उत्सव खुला मंच का आयोजन किया गया जिसमें भारत के कई प्रांतों से लगभग 25 कवियों ने विभिन्न भाषाओं यानि बंगाली, सिंधी, पंजाबी, उर्दू और हिंदी में विभिन्न विषयों पर गजल, लोकगीत तथा कविताओं की दमदार प्रस्तुति कर इस सत्र को गरिमामय बना दिया। प्रमुख कलमकारों में वंदना मजूमदार, उषा रानी. डॉक्टर पूनम. भाटिया. डॉक्टर प्रेम पराग शर्मा, आशीष गुप्ता, उमंग शरीन, मीनाक्षी भसीन, अर्चना मेहता, चंचल हरेंद्र वशिष्ठ, अंजु मोटवानी, संजय श्रीवास्तव, प्रीति गोयल, पुनीता सिंह, ईंदु मिश्रा किरण, उमा शर्मा, दीपा शर्मा, कलमकार राज व्रत आदि की प्रस्तुति रही। विनोद पाराशर ने इस कार्यक्रम का बेहतरीन ढंग से संचालन किया । अंत में हिंदुस्तानी भाषा अकादमी की ओर से सुश्री वनिता शर्मा ने इस समारोह में पधारे सभी गुणी जनो का शुक्रिया अदा कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# मॉडल टाउन: धूमधाम से मनाया गया विनोद वधवा का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित मॉडल टाउन पार्ट दो में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा का 72वां जन्मदिन बडी ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अंजना वधवा, राहुल वधवा, स्निग्धा वधवा,अनुषा वधवा दीशिता वधवा, बिमला सूरी,अजीत सूरी, नीरू सूरी, गुलशन साहनी, शारदा साहनी, गरिमा साहनी, अनिल वधवा, हरदेश खेतरपाल, आरती खेतरपाल, राज वधवा, आदर्श वधवा, हिमांशु वधवा, रतिका वधवा, अंकित व कृति वधवा, पवन कपूर, अनिता कपूर, इंदरजीत साहनी, अमिता साहनी, सौरभ सूरी, गरिमा साहनी, मोहित कपूर, रिया कपूर, मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विनोद वधवा का मालाओं-पुष्प गुच्छ देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान उनको बधाई देने वालों का उनके निवास पर उनके शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। जन्मदिन के कार्यक्रम के मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारियों के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी व उनके दीर्घायु की कामना भी की।

इस मौके पर अपने जन्मदिन के मौके पर भाजपा नेता वधवा ने जन्मदिन में शामिल हुए सभी पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# मोदी के नेतृत्व में उंचाई के शिखर पर है भारत: सोनम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय के जीवन को बदलने के लिए और बहुत कुछ हासिल करने के लिए बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं, इसके साथ ही मोदी सरकार ने जनहित में कई ऐसे कठिन निर्णय लिए हैं जोकि दूसरी सरकारों ने ऐसे निर्णय लेने के बारे मे सोचा भी नही होगा। वहीं उन्होनें यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने मोदी के नेतृत्व में जो हर क्षेत्र में गति हंसिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है वह अभूतपूर्व है, उक्त बाते त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूर वार्ड में रहने वाली व भाजपा की नगर समरसता टोली की महिला प्रमुख सोनम चड्ढा ने कहीं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आज दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है कि भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है और यह संकल्प है विकसित भारत का।

# मॉडल टाउन: चुनाव नजदीक आते ही जनता को गुमराह रहें हैं केजरीवाल: हरीश असडी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 68 से भाजपा नेता व पूर्व निगम प्रत्याशी हरीश असडी ने बढ़े हुए पानी के बिलों को लेकर केजरीवाल सरकार के प्रदर्शन को दरकिनार करते हुए सवालों के कटघरे में खडा कर दिया है।

बस दिखावा है वन टाइम सेटलमेंट योजना: मामले में असड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के वन टाइम सेटलमेंट योजना बस एक दिखावा है, जिसके जरीए वह जनता की सहानूभुति हांसिल करना चाहते है। जब दिल्ली जल बोर्ड विभाग दिल्ली सरकार के अधीन काम करता है तो वह खुद क्यों कम नही कर देते बिल,बस लोगों को साथ लेकर प्रदर्शन में जूटे हुए है।

**वादा खिलाफी में अव्वल है केजरीवाल:** वहीं असडी ने कहा कि केजरीवाल ने पीछले चुनाव में लोगों दिल्ली की जनता से बिजली के बिल और हाउस टैक्स माफ करने का वादा किया था, लेकिन आज तक केजरीवाला अपना किया हुआ नही पूरा कर पाए है।

**चरम सीमा में है निगम मे भ्रष्टाचार:** इस दौरान हरीश असड़ी ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आप शासित दिल्ली नगर निगम को केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है, आज दिल्ली के किसी भी कोने में मे चले जाओ चाहे वह कच्ची कॉलोनी हो या फिर कोई पॉश एरिया हो सभी जगह निगम के अधिकारियों व आप पार्शदों व

# युवकों को रोजगार दिलाने में विफल साबित हुई मोदी सरकार: खान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:**
सुल्तानपूर माजरा विधानसभा क्षेत्र स्थित रहने वाले व आम आदमी पार्टी से सुल्तानपुर माजरा विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। उनका कहना है कि मोदी सरकार ने आम जनता को ठगा है।

वहीं खान ने कहा कि भाजपा झूठे वादों और दावों के साथ केंद्र और प्रदेश में स्थापित हुई है। आज गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है। वहीं उन्होनें यह भी कहा कि पीछले लोकसभा चुनाव में जब लोगों ने प्रचंड बहुमत के साथ दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों से भाजपा को यह सोच कर जिताया था कि उनकी समस्या कम होगी और उनकी सुनवाई होगी।

**रोजगार से वंचित युवावर्ग: व**हीं दिल्ली की जनता को उम्मीद थी कि दिल्ली का चहुमुखी विकास होगा। लेकिन आज सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है। आगे उन्होनें कहा कि भाजपा बस अपने बखान बखाने में मस्त है।

# अस्थिरता, परिवारवाद और तुष्टिकरण की जननी है कांग्रेस पार्टी: मुकेश गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-63 से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अस्थिरता, परिवारवाद और तुष्टिकरण की जननी है कांग्रेस पार्टी। वहीं गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन, 24 घंटे देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है, तो वहीं कांग्रेस हमेशा ही भाजपा को बदनाम करने व देश को नीचा दिखाने की साजिशें रचने में मशगूल रहती है। उन्होनें आगे कहा कि हमारा सपना और संकल्प है भारत को विकसित देश बनाना। मुकेश ने कहा कि जो काम सदियों से लटके थे, हमने उनके समाधान का साहस दिखाया, इतना ही नही आज भाजपा युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान की शक्ति को विकसित भारत के निर्माण की शक्ति बना रही है। जिनको किसी ने नहीं पूछा, हमने उन्हें पूछा, इतना ही नहीं हमने उसको पूजा है।

आगे गांधी ने बताया कि आने वाले समय में हमारी माताओं-बहनों-बेटियों के लिए अवसर ही अवसर आने वाले हैं, जो काम सदियों से लटके थे, हमने उनका समाधान करने का साहस करके दिखाया है, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करके हमने 5 सदियों का इंतजार खत्म किया है।

# गांवों के मुद्दे उठाने पर रामबीर विधूड़ी का संघ ने किया अभिनंदन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली विधानसभा में गांवों के मुद्दे उठाने पर प्रतिपक्ष के नेता रामबीर विधूड़ी का आभार जताने के साथ-साथ उनका अभिनंदन किया। पंचायत संघ के पदाधिकारियों ने उनके निवास पर जाकर उनको पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने रामवीर सिंह बिधूड़ी से गांवों के अन्य मुद्दे उठाने का भी आग्रह किया। इस मौके पर पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने वादा करने के बावजूद गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त नहीं किया है और ग्रामीणों के पास हाउस टैक्स जमा करने के नोटिस भेजे जा रहे है। इस तरह उन्होंने गांवों के साथ कुठाराघात किया है। ऐसी स्थिति में रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधानसभा में उनकी आवाज उठाकर सरकार को सचेत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गांवों का जल्द से जल्द हाउस टैक्स माफ किया जाना चाहिए और ग्रामीण हाउस टैक्स जमा नहीं करेंगे। इस अवसर पर शकूरपुर गांव प्रमुख शिवकुमार यादव, सह प्रमुख सुनील शर्मा, पंच प्रमुख राजकुमार यादव ख्याला गांव, सुधीर शर्मा, रमेश यादव मादीपुर गांव, अधिवक्ता यमन यादव प्रमुख भलस्वा गांव मौजूद थे।

# आप शासित निगम व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा: कपूर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गत** एक वर्ष से आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम लगातार दिल्ली के व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है, तो वहीं दिल्ली की सड़कों पर आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक से नागरिक परेशान हैं। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की नगर निगम में सत्ता में आने से पहले आम आदमी पार्टी के नेताओं ने एक दस सूत्री गारंटी कार्ड जारी किया था जिसमें दिल्ली के नागरिकों को व्यापारियों को राहत के आश्वासन दिये थे पर आज एक वर्ष बाद केजरीवाल के गारंटी कार्ड पर काम होना तो दूर की बात है मौजूदा स्थिती यह है की नगर निगम व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। वहीं कपूर ने कहा कि 2021-22 में आप नेता एवं पार्टी के निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने दिल्ली के व्यापारियों को स्वच्छता शुल्क सहित विभिन्न मुद्दों पर लुभावने आश्वासन दिये थे पर आप के सत्ता में आने के एक वर्ष बाद दिल्ली के व्यापारी तीन मुद्दों पर मिल रहे हजारों नोटिसों को लेकर परेशान हैं।

# ज्वालापूरी पूरी: लोगों की सुविधा के लिए विधायक रघुविंद्र शौकिन ने किया नवनिर्मित बारातघर का उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्वालापूरी पूरी वार्ड नंबर-45 पीवीसी मार्किट में आप के क्षेत्रीय विधायक रघुविंद्र शौकिन ने करोडों की लागत से बनाए गए बारातघर का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक शौकिन ने कहा कि अब क्षेत्रवासियों को शादी आदि मांगलिक कार्यक्रमों के लिए इधर-उधर भटकना नही पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन वार्ड-45 से आप नेता पप्पू छिलवाल ने किया। इस मौके पर छिलवाल ने कहा कि हर वार्ड व विधानसभा में बारात घर का होना बहुत जरूरी हो गया है। इसलिए हमारी सरकार का प्रयास रहता है कि वह लोगों की छोटी-बड़ी हर समस्या को जड़ से ही खत्म कर सके। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बरात घर गरीबों के लिए वरदान साबित होगा। इसके साथ ही विधायक ने यह भी कहा कि सम्पन्न लोग तो होटल व मैरिज हॉल से अपने मांगलिक कार्यक्रम कर लेते हैं, लेकिन गरीबों के लिए संभव नहीं हो पाता। बरात घर बनने से क्षेत्र के गरीब लोग मांगलिक कार्यक्रम यहां पर कर सकेंगे।

**गणमान्य लोग रहे मोजूद:** इस दौरान उनके साथ स्थानीय पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल,पप्पू छिलवाल, विधानसभा अध्यक्ष दीपक दहिया,उदय ठाकुर,अशोक भारद्वाज, गुड्डु बांके बिहारी वाले,नेतराम ठेगेला, मुन्ना ठाकुर,तेजपाल,सोनी, बिट्टू, कमल,मामराज बडगुजर, शिवचरन बडगुजर, रामप्रताप बसवाला, सुभाष सांखला, प्रहलाद शरण,मंगल मल्होत्रा, रामपाल,नरेश चेतीवाल, असवाल,प्रताप बागोरिया, राजेश तंवर,जगदीश बडगुजर,जेसी छीलवाल,अमीलाल कमवाल, धन्ना चेतीवाल, भवानी सहाय, गिर्राज गजमोती, रोशन बसवाला,जसवंत चौहान,अशोक चौहान,धर्मेश मिश्रा, पीयूष शुक्ला, नंदलाल शास्त्री, धीरज गुप्ता, गिरीश बाजपेयी, अरुणेश तिवारी,भाजपा के पिहानी नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मोदी ने वर्चुअल माध्यम से पानीपत के दो रेलवे ओवरब्रिज व रेलवे अंडरपास की रखी आधारशिला

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से पानीपत के दो रेलवे ओवरब्रिज व एक रेलवे अंडरपास की आधारशिला रखी। इसमें सिवाह, डाहर स्थित रेलवे अण्डरपास की आधारशिला और गोहाना रोड एनएफएल फाटक पर बनने वाले फोरलेन रेलवे ओवरब्रिज एवं खुखराना का रेलवे ओवरब्रिज भी शामिल है।



गोहाना रोड पर आयोजित कार्यक्रम में करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया ने इन मांगों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस परियोजनाओं से विकास के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यह आमजन की बहुत पुरानी मांग थी और ऐसी जनहितैषी योजनाओं को पूरा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। संजय भाटिया ने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज गोहाना रोड एनएफएल फाटक नम्बर 59-ए पर पर फोरलेन बनेगा। जिस पर 110 करोड रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें फाटक नम्बर-58 जोकि नहर के साथ वाली सडक पर लगती है। उसका स्कॉप ऑफ वर्क भी शामिल है। इससे लोगों को काफी सुविधा होगी और आने जाने में परेशानी भी खत्म होगी। यहां पर एनएफएल को जोड? के लिए अंडरपास भी बनाया जाएगा। पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि शहर में नित नए-नए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जिसका आने वाले समय में बहुत बड़ा फायदा होगा। इस मौके पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, राहुल विज, प्राण रत्नाकर भी उपस्थित रहे।खुखराना-आसन फाटक पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने कहा कि फाटक नम्बर 47 पर आसनकला गांव के पास पानीपत-जीन्द रेलवेलाईन पर आरओबी बनाया जाएगा। इस आरओबी का कार्य वर्ष 2024 के अंत तक पूरा होगा। उन्होंने इसके लिए इसराना हलके की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत लगभग 50 करोड रुपए है। जिसमें प्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने हिस्से का कार्य किया चुका है। रेलवे के हिस्से का लगभग 22 करोड का कार्य होगा जिसका आज शिलान्यास किया गया है।

सिवाह गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने भाग लिया। गौरतलब है कि फाटक नम्बर 49 पर सिवाह-डाहर रेलवे अंडरपास बनाया जाएगा जिस पर 10.40 करोड रुपए की लागत आएगी। यह परियोजना पानीपत जिला के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। लोगो की आवाजाही सुगम बनाने के लिए यह परियोजनाएं आमजन के लिए बहुत बड़ी सौगात हैं।

# गन्नौर में बड़ी रोड पर रोक के बावजूद बड़ी रोड पर तेजी से कट रही हैं अवैध कालोनियां

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

सरकार की रोक के बावजूद गन्नौर में अवैध कालोनियां तेजी से विकसित हो रही हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करने के बावजूद भी क्लोनाइजर बिना किसी डर के कालोनियां काट रहे हैं। गन्नौर-बड़ी वाया लालागढ़ी रोड पर जगह-जगह अवैध कलोनियां काटी जा रही है। कालोनियों में कच्ची सड़कों का निर्माण भी कर दिया गया है। हालांकि नगर योजनाकार विभाग की ओर से कुछ कालोनियों में कार्रवई भी की गई है, लेकिन विभाग की कार्रवाई के अगले ही दिन अपना काम काज आगे बढ़ा रहे हैं।



-विभाग ने फिर नोटिस किए जारी

जिला नगर योजनाकार विभाग ने अब जमीन मालिकों को नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि गन्नौर-बड़ी वाया लालागढ़ी सड़क मार्ग पर कई अवैध कालोनी कट रही है। जिसकी सूचना पर विभाग ने जमीन मालिकों को नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। विभाग करीब 26 लोगों को नोटिस जारी कर चुका है। जल्द ही उनके खिलाफ मामला भी दर्ज कराया जाएगा।

-तहसीलदार को लिखा

जिला नगर योजनाकार अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि विभाग ने अवैध कालोनी में अब किसी सूरत में रजिस्ट्री नही हो सकेगी। अवैध कालोनियों की सूची तैयार कर उन्हें राजस्व विभाग को भेजा जा रहा है। गन्नौर तहसीलदार को भी अवैध कालोनियों की सूचि दे दी गई है। जिसमें अब रजिस्ट्रियां नहीं हो पाएंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदीप की हत्या के आरोपित को पुलिस ने लिया एक दिन के रिमांड

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में की गई प्रदीप की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुए पांच आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को अदालत में पेश किया। पुलिस ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस वारदात में प्रयुक्त हथियार को बरामद करने का प्रयास करेगी। बता दें कि लखीमपुर खिरी, यूपी निवासी 20 वर्षीय प्रदीप हाल में बड़ी गांव में अपने मामा नेपाल के साथ किराये पर रह रहा था। नेपाल को अपने भांजे पर उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने का शक था। जिसको लेकर नेपाल ने राकेश निवासी सीतापुर हाल गांव बड़ी को 5 हजार रुपये दे कर अपने भांजे की हत्या की साजिश रची। जिसके बाद नेपाल व राकेश ने आशीष निवासी सीतापुर हाल गांव बड़ी, धीरज निवासी आगरा हाल गांव बड़ी व नागेंद्र निवासी बांका बिहार हाल के साथ मिल कर अपने भांजे की बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सुनसान जगह पर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने तेजधार हथियार से उसका गला व गुप्तांग भी काट डाला। आरोपितों ने उसे प्रदीप के शव को जलाने का भी प्रयास किया, लेकिन शव पूरी तरह से नहीं जल पाया। पुलिस ने मृतक प्रदीप के पिता शिवकुमार की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार को पांचो आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया था।

### एसएल दुरेजा तीसरी बार बने पैंशनर एसोसिएशन के प्रान्तीय प्रधान

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

आज करनाल में हरियाणा सिविल पैन्शरज वैल्फेयर एसोसिएशन की जनरलबॉडी के सदस्यों की मीटिंग हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राजबीर खुडिया डीडीपीओ और प्रदेश की अन्य ईकाईयों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुये।

प्रेस सचिव राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मीटिंग में प्रान्तीय प्रधान एसएल दुरेजा ने वर्ष 2022-2023 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जो ध्वनि मत से सभी ने पास किया। उसके बाद एसोसिएशन की चुनावी प्रतिक्रिया विधिवत रुप व एसोसिएशन के संविधान अनुसार शुरू हुई, जिसमें चुनाव अधिकारी सुरेश खन्ना वरिष्ठ एडवोकेट ने चुनाव में 11 सदस्य के अतिरिक्त किसी अन्य के फार्म न आने पर पूर्ण जांच पड़ताल के बाद उपस्थित सभी के सामने नई कमेटी का प्रस्ताव रखा, जो सभी ने समर्थन करते हुएचुनाव सर्वसमिति से करवाने का प्रस्ताव पास किया, जिसमें प्रधान एसएल दुरेजा, वरिष्ठ उपप्रधान टेक चंद गौतम, उपप्रधान एचएल सेठी व बीके मैहता, महासचिव सुभाष यादव, सहसचिव मदन गोपाल व सुरेश बंसल, आडिटर आरडी काम्बोज, प्रैस सचिव रामप्रकाश शर्मा, सचिव सुभाष दुरेजा चुने गए, जिनको मौके पर ही शपथ दिलवाई गई।

प्रांतीय प्रधान एसएल दुरेजा ने अपनी पूरी नवनियुक्त कमेटी की तरफ से पूर्ण आश्वासन दिया कि सभी अपने पद की गरिमा को बनाये रखेंगे व पैन्शनर के हित में और भी अधिक जोश व मेहनत से कार्य करेंगे व उन्होंने एसोसिएशन की चल रही गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया।

सरकार से एसोसिएशन की लंबित मांगों का इस बजट में कोई भी जिक्र न होने पर सरकार के प्रति सभी पैन्शरों ने रोष जताया।

इस मौके पर फरवरी माह में जन्मे पैन्शरज का जन्म दिन मनाया, जिसमें राजबीर खुडिया, केएल कपूरा, बीएन मल्होत्रा, बाबू लाल चित्रा, आरके सचदेवा, डा. सुशील कुमार, आशा उप्पल, जेसी चावला, जेपी भारद्वाज, महेश कुमार भाटिया आदि मौजूद थे व एसोसिएशन में नये जुड़े सदस्यों रामभजन वर्मा, डा. महेन्द्र चौधरी व अन्य का स्वागत किया। प्रैस सचिव ने बताया कि 17 मार्च को विर्क अस्पताल करनाल की ओर से माल रोड स्थित मुख्य कार्यालय पर निशुल्क हैल्थ चैकअप कैम्प लगाया जाएगा ।

इस मौके पर मुख्य रुप से आरपी गर्ग, एके कठपालिया, एमएस तंवर, केएल रंगा, शाम सिंह राणा, महेन्द्र नरवाल, ओएन मलिक, अशोक वशिष्ठ, निशीकांत, प्रेम शर्मा, महावीर सिंह, वीपी सिंह, कंवरभान, चन्द्रभान अन्य सदस्य शामिल हुए।

## घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़ करने व उसके परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौच करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला के पति ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनके गांव का मोहित 24 फरवरी को शराब के नशे में जबरदस्ती उसके भाई के मकान मे घुस आया और उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। उसकी पत्नी के चिल्लाने पर घर में मौजूद महिलाओं ने मोहित को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसी दौरान वह उसका भतीजा घर पहुंचे तो मोहित उनके साथ गाली गलौच की।

# सीएम खट्टर के राज में अपराधी बेखौफ घूम रहे: डॉ. सुशील गुप्ता

**आरोप**

8 परिजनों ने भाजपा नेताओं पर लगाया नफे सिंह राठी की हत्या का आरोप: डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में बढ़ते अपराध को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी की ज्वाइनिंग कमिटी के चेयरमैन ओमप्रकाश गुर्जर और प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी मौजूद रहे। इससे पूर्व, आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर डॉ.



सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। नारायणगढ़ विधानसभा से दो बार विधायक का चुनाव लड़ चुके चौधरी मान सिंह गुर्जर बीएसपी छोड़कर, अंबाला कैंट विधानसभा से भूपेन्द्र कुमार छोकर, अंबाला सिटी विधानसभा से समाजसेवी देवेंद्र सिंह अंतिल, रजत कुमार कांग्रेस छोड़कर, पूर्व सरपंच महिंद्रपाल और पंचकुला विधानसभा से सुमित वाल्मीकि, राजेश राजा, धर्मपाल लौट और वीरेंद्र राजपूत अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आज के समय में हरियाणा अपराध में नंबर वन हो गया है। सीएम खट्टर के राज में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, प्रदेश के व्यापारी डर के माहौल में जीने को मजबूर हैं और हरियाणा में लगातार गैंगस्टर्स का आतंक बढ़ रहा है। हरियाणा में बढ़ते अपराध को रोकने में खट्टर सरकार विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ में हुई इस घटना से मुझे बहुत दुख है, लेकिन गुस्सा भी है कि ये हरियाणा में क्या हो गया। जो हरियाणा सबसे सुरक्षित राज्य होता था वो आज जंगलराज क्यों बन गया है।उन्होंने कहा सीसीटीएनएस (अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली) के आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में पिछले 11 महीने में अब तक मर्डर की 974, दुष्कर्म की 1701, सामूहिक दुष्कर्म की 139, किडनैपिंग 3871, लूटपाट की 271 और क्राइम अगेंस्ट वीमेन की 10,946 घटनाएं हुई। इस डाटा के मुताबिक हरियाणा में प्रतिदिन 5 से 6 दुष्कर्म, 11 से 12 किडनैपिंग और 3 से 4 मर्डर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के इतिहास कल पहली बार राजनीतिक हत्या हुई। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी और उसके निजी सुरक्षा कर्मी की सरेआम दिन दहाड़े गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। परिवार ने पुलिस शिकायत में भाजपा के पूर्व विधायक, वहां के चेयरमैन और भाजपा के नेताओं को आरोपित बनाया है।

# श्री लालसिंह आर्य जी के हरियाणा आगमन को लेकर मीटिंग हुई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

भाजपा कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रामपाल पाली प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा की अध्यक्षता में राषटीय अध्यक्ष श्री लालसिंह आर्य जी के हरियाणा आगमन को लेकर मीटिंग हुई जिसमे राषटीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के मुख्य प्रोग्राम दलित बस्ती ,दीवार लेखन ,छात्रावास संपर्क व प्रदेश के सभी पदाधिकारियों जिला अध्यक्षो की राषटीय अध्यक्ष जी के साथ मीटिंग रहेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी रमेश ,अध्यक्ष अनुसूचित जाति



मोर्चा अमित बाल्मीकि ,जिला महामंत्री पवन दुग्गल, ,जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कबीरपुर,जिला सचिव रवि ,मंडल अध्यक्ष सूरत ,संदीप बाल्मीकि ,सोनू भोरिया मौजूद रहे।

## तेजधार हथियार व ईंट से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

खटीक बस्ती के रहने वाले एक युवक ने गांव किवान के तीन युवकों पर तेजधार हथियार व ईंट से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक निवासी खटीक बस्ती ने बताया कि उसकी शास्त्री कालोनी चुलकाना रोड पर स्टार चिकन कार्नर के नाम से दुकान है।

गांव किवान के सुनील, रिंकु व उनके एक अन्य साथी ने मारपीट की। सुनील ने चिकन काटने वाले तेजधार हथियार से तथा रिंकु ने ईंट से हमला कर किया। जिसमें वह जख्मी हो गया और आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। अभी उसका अस्पताल में ईलाज चल रहा है।

# कार सवार हथियार बंद तीन बदमाश पेट्रोल पंप से 6500 रुपये लूट कर हुए फरार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जीटी रोड पर डिवाइन सिटी के साथ लगते हिंदुस्तान पेट्रोल पंप से कार सवार तीन बदमाशों ने पिस्तौल के बल सेल्समैन से 6500 रुपये लूट लिए। लूट के बाद बदमाश कार सहित मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार खुबडू गांव का रहने वाला रिंकू ने जीटी रोड स्थित डिवाइन सिटी के साथ लगते हिंदुस्तान पेट्रोल पंप पर सेल्समैन काम करता है। 25 फरवरी की रात को वह पंप के कार्यालय में अपने साथी सेल्समैन निरंजन के साथ सेल का हिसाब बना रहे थे। रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर एक स्विफ्ट कार उनके पंप पर आ कर रूकी। कार से दो युवक उतरे जबकि उनका तीसरा साथी कार की ड्राइवर सीट पर बैठा रहा। उनमें से एक युवक शौचालय का रास्ता पूछने के बहाने कार्यालय में घुसा, जबकि दूसरा कार्यालय के बाहर खड़ा रहा। कार्यालय में घूसे युवक ने अचानक बंदूक निकाल ली और सेल्समैन से करीब 6500 रुपये की नकदी छीन ली। पैसे छीनने के बाद आरोपित अपनी कार सहित मौके से फरार हो गए। लूट की यह वारदात पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

-पुलिस ने किया मामला दर्ज

गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया पुलिस ने सेल्समैन की शिकायत पर तीन आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। टीम गठित करके सीसीटीवी के आधार पर आरोपितों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ड्रोन पायलेट योजना से मोदी ने महिलाओं को बनाया स्वाभिमानी

**ड्रोन दीदी**

8 अर्चना गुप्ता ने कहा की स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी भी नारियों को अपने पैरों पर खड़ा कर रहे है

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन पायलेट योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा स्वाभिमानी बनाया है।ये शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने रिस पुर गांव निवासी ड्रोन दीदी सुनीता को अपने सेक्टर 24 स्तिथ निवास स्थान पर सम्मान करने के बाद कहें। ! डा अर्चना गुप्ता ने सुनीता को शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया।डा



अर्चना गुप्ता ने कहा की ड्रोन दीदी को फ्री प्रशिक्षण दिया गया है।उन्होंने कहा की गत रविवार को अपनी मन की बात में भी ड्रोन दीदी का जिक्र किया।

डा अर्चना गुप्ता ने कहां की जहां एक ओर ड्रोन दीदी खेतों के दवाओं का झिड़काओ करेंगे साथ ही किसान भाइयों को नेनो यूरिया के लाभ तथा उर्वरकों की उचित मात्रा के बारे में भी जानकारी देंगी।

डा अर्चना गुप्ता ने कहा की स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी भी नारियों को अपने पैरों पर खड़ा कर रहे है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बने उत्पादों को बाजार भी उपलब्ध करवाए।

अपने उद्बोधन में में प्रधान मंत्री मोदी बार बार स्वयं सहायता समूहों का जिक्र करके प्रचार भी करते है।

डा अर्चना गुप्ता ने कहा की प्रधान मंत्री नरेंद्र ने महिलाओं के सम्मान में कोई कोर कसर नही छोड़ी ।सेना में महिलाओं की स्थाई कमिशन ,सैनिक स्कूल में लड़कियों के दरवाजे खोलना इन सब से बढ़ कर नारी वंदन विधेयक को कानून का रूप दिया।

ड्रोन दीदी सुनीता ने निशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए प्रधान मंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया ।

# बायर्स को बहुत पसंद आ रहे हैं अमन फर्निशिंग के प्रोडक्ट

**आरोप**

8 परिजनों ने भाजपा नेताओं पर लगाया नफे सिंह राठी की हत्या का आरोप: डॉ. सुशील गुप्ता

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज, यानी 26 फरवरी को, देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल इवेंट में ह्यभारत टैक्स 2024ह्ल का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्यजिस तरह से करघा धागों को एक साथ जोड़ता है, यह कार्यक्रम भारत और दुनिया के धागों को जोड़




रहा है ह्ल

ट्रेड, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का महासंगम है भारत टैक्स 2024 केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा,ह्यभारत टैक्स 2024, ट्रेड, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का महासंगम है। यह भारत को एक आकर्षक निवेश और सोर्सिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करती है। कश्मीर की पश्मीना शॉल हो या उत्तर प्रदेश की बनारसी साड़ी, आज भारत सिर्फ वोकल फॉर लोकल नहीं बल्कि लोकल को ग्लोबल बनाने में एक वैश्विक मंच पर आया है ह्ल

प्रधानमंत्री ने एग्जीबिशन देखा और एक्जीबिटर्स के साथ बातचीत की भारत टैक्स 2024 में पानीपत से भाग लेने पहुंचे अमन शर्मा (अमन फर्निशिंग) ने बताया कि आज 100 से अधिक देशों के 3000 से अधिक एक्जीबिटर्स, 3,000 बायर्स और 40,000 ट्रेड विजिटर्स इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक साथ आए हैं। यह कार्यक्रम टेक्सटाइल इकोसिस्टम के मेंबर्स को आपस में मिलाने और अपने विचार शेयर करने का एक मंच बन गया है। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने एग्जीबिशन देखा और एक्जीबिटर्स के साथ बातचीत की।

बायर्स को बहुत पसंद आ रहे हैं अमन फर्निशिंग के प्रोडक्ट

अमन शर्मा (अमन फर्निशिंग) ने बताया कि भारत टैक्स 2024' का एग्जीबिशन 22 लाख वर्ग फुट के एरिया में फैला हुआ है। यह इंटरनेशनल ऑडियंस के सामने ब्रांड इंडिया को प्रेजेंट करने का प्रयास है, जो कपड़ों के क्षेत्र में पूरी ताकत को प्रदर्शित करेगा। अमन शर्मा (अमन फर्निशिंग) ने बताया कि उनके प्रोडक्ट जैसे बेडशीट, कम्फर्ट्स, पिलोज, रजाई, कार्पेट, होटल बेडशीट जैसे उत्पाद बायर्स को बहुत पसंद आ रहे है।

# आरसेटी के उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आज गांव जोगी माजरा में होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया//कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) के निदेशक राय सिंह ने कहा कि पीएनबी आरसेटी द्वारा 7 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक जिले के सभी ब्लॉकों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में आरसेटी के संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा करके युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में 27 फरवरी को शाहबाद ब्लॉक के गांव जोगी माजरा में उद्यमिता



जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसके उपरांत लाडवा ब्लॉक के गांव छलौंदी में 28 फरवरी को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 27 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हरियाणा का पशुधन देख प्रभावित हुए भाजपा प्रभारी देब

**चंडीगढ़: हरियाणा** भाजपा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हरियाणा का पशुपालन सेक्टर नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। हरियाणा पशु प्रेमी प्रदेश है और हरियाणा के पशुओं की दूध की ताकत के दम पर ही राज्य के खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया में धूम मचाई है। श्री देब आज जिला महेंद्रगढ़ के गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी-2024 के पुरस्कार एवं समापन समारोह में संबोधित कर रहे थे। सबसे पहले उन्होंने पशुधन प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हरियाणा का पशुधन व पशुपालन विभाग की योजनाओं को देखकर काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने की। इसके अलावा उन्होंने पशु पालकों को लाखों का ईनाम देकर सम्मानित किया।

बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत आर्थिक सहायता दी जाती है, वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार पशुपालकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। पशुपालन विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन में पहली बार पशुओं को रैंप पर चलते हुए देखा है।श्री देब ने हरियाणा के नागरिकों के स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा के लोगों को धमकी व धन से नहीं खरीदा जा सकता, उन्हें प्यार से जीता जा सकता है। हरियाणा बीजेपी प्रभारी ने कहा कि आजादी के बाद से किसानों के बारे में कोरी बातें होती थी। 2014 के बाद देश व प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की तकदीर बदली है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि मोदी है तो देश व हरियाणा का सम्मान सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत को पांचवी बड़ी ताकत बनाने का कार्य किया है।

## राज्य में 117 लाख 79 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर: राज्य सरकार** द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीद की जा चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है।

# 'डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग से देश को बनाएंगे आत्मनिर्भर'

सीएम योगी ने कानपुर में अदाणी के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन, उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय



**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरीडोर में अदाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले जहां यूपी में तमंचे लहराए जाते थे, वहीं अब प्रदेश के डिफेंस कॉरीडोर के सभी 6 नोड्स भारत को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गये हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान देश के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का अवलोकन भी किया।

**2018 में पीएम ने यूपी को दी थी डिफेंस कॉरीडोर की सौगात:** समारोह के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये क्षण उनके लिए अत्यंत आह्लादित करने वाला है। सीएम ने कहा कि 2018 में जब हमने अपना पहला इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने देश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की थी। भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री ने यूपी में 6 नोड्स की घोषणा की थी। इसमें अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट शामिल हैं, जिसमें कानपुर नोड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ने अपना कार्य प्रारंभ किया है।

**यूपी के डिफेंस कॉरीडोर में दिग्गज कंपनियां कर रहीं निवेश:** सीएम योगी ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 5 हजार हैक्टेयर के बड़े कॉरीडोर को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया गया है। अबतक 5हजार एकड़ लैंड को प्राप्त कर लिया गया है। इसमें लखनऊ में जहां ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनमिक्स लिमिटेड, आर्म व्हीकल निगम लिमिटेड और टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, ग्लोबल इंजीनियरिंग लिमिटेड और डब्ल्यूवी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का कार्य प्रारंभ हुआ है, वहीं अलीगढ़ नोड में एंकर रिसर्च लैब एलएलपी और कानपुर में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी लिमिटेड जैसी बड़ी बड़ी कंपनियां काम कर रही हैं।

**आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सिलेंस:** मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरीडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तौर पर नामित किया गया है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए साझेदारी दिखाई दी है। सीएम ने बताया कि यूपी के डिफेंस कॉरीडोर में डिफेंस एंड एयरोस्पेस सेक्टर में स्टार्टअप्स के सहयोग के लिए संपूर्ण वातावरण बनाने का कार्य हुआ है।

### 'देश का सबसे बेहतरीन औद्योगिक शहर बनेगा बीडा'

**आज** उत्तर प्रदेश, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यूपी को 2017 से पहले देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा माना जाता था। आज यही प्रदेश विकास के नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में जीबीसी 4.0 के माध्यम से 10 लाख 24 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश वहीं होता है, जहां व्यक्ति के साथ साथ पूंजी को भी सुरक्षित वातावरण मिले। सीएम योगी ने बताया कि नोएडा की स्थापना के 46 वर्ष बाद प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में बीडा के रूप में नया औद्योगिक शहर बसाने जा रही है। ये देश का सबसे बेहतरीन औद्योगिक शहर बनेगा। इस हिसाब से इस पूरे क्षेत्र के युवाओं को सबसे स्किल्ड कार्यबल के रूप में तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अदाणी समूह द्वारा यूपी के कानपुर और तेलंगाना के हैदराबाद में एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स के शुभारंभ को लेकर बधाई दी और कहा कि ये प्रयास भारत को डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मैन्युफैक्चरिंग हब**

500 एकड़ में फैला है साउथ एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन एंड मिसाइल कॉम्प्लेक्स



नवनियुक्त राज्यसभा सांसद एवं हिसार लोकसभा प्रभारी सुभाष बराला अपने निर्वाचन के बाद सोमवार को पहली बार हिसार भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## 'उरी-बालाकोट हमले ने आतंकवाद को दिया करारा जवाब'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि उरी और बालाकोट हमले पश्चिमी मोर्चे पर बढ़ते आतंकवाद को भारत का करारा जवाब था। एस जयशंकर ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 'भारत और विश्व' विषय पर पंडित हृदय नाथ कुंजरू मेमोरियल व्याख्यान 2024 को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उरी और बालाकोट हमले से भारत ने विश्व को जीत का संदेश दिया है। जयशंकर ने भारत के मजबूत होते वैश्विक पदचिह्न के बारे में बोलते हुए कहा कि पश्चिमी मोर्चे के आतंकवाद को करारा जवाब मिला। वैश्विक व्यवस्था के आर्थिक और राजनीतिक पुनर्संतुलन में प्रगति हुई है। जी20 ने जी7 पर कब्जा कर लिया है। कई नए समूह और तंत्र अस्तित्व में आए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में बदलाव आया है और भारत पिछले दशक में छह स्थान ऊपर आ गया है।

## धामी सरकार ने वीर नारियों को दिया सम्मान

### शहीद की पत्नी बनेगी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** धामी सरकार वीर नारियों को सम्मान देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। विभाग में पहली बार दो महिला सैन्य अधिकारियों का भी चयन हुआ है, जिसमें एक महिला सैन्य अधिकारी विंग कमाण्डर डॉ. सरिता पंवार, अमर शहीद स्क्वाड्रन लीडर महेन्द्र सिंह पंवार की पत्नी हैं। सैनिक कल्याण विभाग में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर छह नये सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों को चयनित कर उन्हें निदेशालय और विभिन्न जनपदों के तैनाती दे दी गयी है। सोमवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के अनुमोदन के बाद सैनिक कल्याण विभाग के सचिव दीपेन्द्र चौधरी की ओर से जारी आदेश के क्रम में विंग कमाण्डर निधि बधानी को सैनिक कल्याण निदेशालय में उप निदेशक पर पदस्थापित किया गया है और विंग कमाण्डर सरिता पंवार को हरिद्वार, कर्नल उमेद सिंह को चम्पावत, कर्नल जयेश बड़ोला को उत्तरकाशी, कर्नल करम सिंह बिष्ट को पिथौरागढ़, कर्नल रमेश सिंह को नैनीताल का नया सैनिक कल्याण अधिकारी नियुक्त किया है। कर्नल चन्द्र बहादुर पुनः को पिथौरागढ़ से उधमसिंहनगर, कर्नल सुबोध कुमार शुक्ला को नैनीताल से चमोली तथा मेजर करन सिंह को हरिद्वार से पौड़ी जनपद में स्थानान्तरित किया गया है। सैनिक कल्याण सचिव की अध्यक्षता वाली चयन समिति में रक्षा मंत्रालय एवं केन्द्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से सभी छह सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने चयनित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को समर्पित होकर कार्य कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से यह निश्चित तौर पर यह कदम सराहनीय है। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में सैनिक कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। शहीदों के सम्मान में सैन्यधाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सैन्यधाम निर्माण से पूर्व प्रदेशभर में शहीद सम्मान यात्रा और शहीदों के आंगन की मिट्टी और उत्तराखण्ड की प्रमुख 28 पवित्र नदियों का जल अमर जवान ज्योति के मुख्य स्तंभ की आधारशिला में अर्पित किया गया।

**सम्मान**

विंग कमाण्डर डॉ. सरिता पंवार, अमर शहीद स्क्वाड्रन लीडर महेन्द्र सिंह पंवार की पत्नी हैं

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति छू रही हैं बुलंदियां: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ कैथल:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही है। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी हो। श्री सैनी सोमवार को कैथल पार्टी कार्यालय में नारी शक्ति वंदन एवं स्वयं सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान के तहत आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर व कार्यक्रम की संयोजक ज्योति सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

इस मौके पर श्री सैनी ने मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी भी दी।

नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है। अब महिला मोर्चा की टीम सक्रिय होकर घर-घर जाकर मोदी और मनोहर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी दें। गांव में रहने वाली महिलाओं को मोर्चा की महिलाएं इस महिलाओं के लिए बनाई गई योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पार्टी से भी जोड़ें।

## आरबीआई ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2024 का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़**
वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफएलडब्ल्यू), 2016 से, आरबीआई की एक वार्षिक पहल है, जिसका उद्देश्य एक लक्षित अभियान के माध्यम से वित्तीय मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम, "करो सही शुरूआत: बनो फाइनेंशियली स्मार्ट", व्यक्तिगत वित्त की जटिलताओं से निपटने और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और सफलता के लिए एक ठोस वित्तीय आधार तैयार करने के लिए युवाओं को सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करती है । आरबीआई के चंडीगढ़ कार्यालय द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह -2024 का प्रारंभ 26 फरवरी 2024 को किया गया। पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, श्री विवेक श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित रहे और अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों यथा श्री विनोद जयसवाल, सीजीएम (एसबीआई), श्री रघुनाथ बी, सीजीएम (नाबार्ड), वाणिज्यिक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक, गैर सरकारी संगठन और वित्तीय साक्षरता परामर्शदाताओं के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया।

**लक्षित अभियान**

आरबीआई की पहल है, जिसका उद्देश्य एक लक्षित अभियान के माध्यम से वित्तीय मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा देना

# प्रोपेगैंडा नहीं, सत्य होनी चाहिए न्यूज: योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मीडिया समूह के संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: समाज की भाव**नाओं को शासन तक पहुंचाने का मीडिया एक सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार भी हर न्यूज को सुझाव के रूप में देखती है। न्यूज अगर सत्य है तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि कोई संवेदनशील सरकार उसका संज्ञान ना ले। हमारी सरकार हर खबर का संज्ञान लेती है, बशर्ते वो कोई प्रोपगेंडा ना हो। साथ ही साथ मीडिया के द्वारा समाज के आमजन और प्रबुद्धजनों के विचारों को भी हम मार्गदर्शन के रूप में लेते हैं, ये हमारे लिए सुझाव का कार्य करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान कही।

**लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना-अपना महत्व:** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना अपना महत्व है। मीडिया की भी अपनी सशक्त भूमिका है। इसके अलग अलग स्वरूप हो सकते हैं। प्रिंट, टीवी और अब सोशल एवं डिजिटल मीडिया ने व्यवस्था को प्रभावित किया है।

इन स्थितियों में प्रिंट की भूमिका को आज भी किसी भी स्थिति में कमतर करके नहीं आंका जा सकता। इन सभी माध्यमों के अपने अपने प्रशंसक हैं।

**संज्ञान**

न्यूज अगर सत्य है तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि कोई संवेदनशील सरकार उसका संज्ञान ना ले

## विदेशों में नौकरी करने वाले उठा रहे हैं आयुष्मान कार्ड का लाभ

**मुरादाबाद:** मुरादाबाद में आयुष्मान योजना में फजीवाड़ा करने के आरोपों में मिशन अस्पताल की फाइलों की जांच चल रही है। इसमें सामने आया है कि जिन परिवारों के मुखिया विदेश में नौकरी कर रहे हैं, उनके भी आयुष्मान कार्ड बने हैं। इतना ही नहीं आयुष्मान कार्ड से सर्जरी का लाभ भी लिया है। अब विभाग ऐसे लोगों की सूची भी तैयार कर रहा है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि मिशन अस्पताल के आयुष्मान योजना में फजीवाड़े की जांच जल्द ही पूरी हो जाएगी।

# 'गोहत्या बन्द करने के लिए भारत बंद में करें भागीदारी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने देश में गोहत्या बंद करने के लिए आगामी दस मार्च को सिर्फ दस मिनट के लिए भारत बंद का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 10 मार्च को पूर्वाह्न 10:10 बजे तक सिर्फ बंदी में शामिल लोग अपने-अपने घर, कार्यालय अथवा प्रतिष्ठान के बाहर निकलकर गोमाता के प्रति अपने हृदय की भावना को प्रकट करें। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सोमवार अपराह्न केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ में मीडिया कर्मियों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गोहत्या महापाप है। गोहत्या करने वाले को समर्थन देने वाले को भी यह पाप लगता है। इसलिए सत्ता में आकर गोहत्या करने वाले राजनीतिक दलों को मत देने वाले मतदाताओं को भी गोहत्या का पाप लग रहा है। हिन्दुओं को इससे बचने और अपने मताधिकार का सही प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपके द्वार पर जो भी दल के लोग वोट लेने आएं उनसे आप यह कह सकते हैं कि गो हत्या न करने का शपथ-पत्र लिखित रूप से देने पर ही वोट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनडीए और इण्डिया की तर्ज पर गो-गठबन्धन बनायेंगे। गोमाता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए हम स्वयं आगामी 14 मार्च 2024 को वृन्दावन से दिल्ली तक की पदयात्रा करेंगे। यह यात्रा गोवर्धन परिक्रमा से आरम्भ होगी और वर्ष 1966 में जहाँ गोभक्तों पर गोली चली थी संसद भवन दिल्ली के उस स्थान पर जाकर रामा गो की रक्षा करने के संकल्प के साथ पूर्ण होगी।

## अब गौलापार में होगी अतिक्रमण पर कार्वाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**हल्द्वानी**
**अतिक्रमण** को लेकर प्रशासन लगातार तीखी कार्रवाई करने जा रहा है ।बनभूलपुरा के बाद अब तराई पूर्वी रेंज के गौलापार स्थित बागजाला में अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू हो गई है। वन विभाग ने इसके लिए पुलिस प्रशासन को चिट्ठी लिखकर फोर्स उपलब्ध कराने को कहा है। इसके अलावा वन विभाग अपने दूसरे रेंजों से भी फोर्स को मंगवा रहा है। आगामी 27 फरवरी को यह कार्रवाई शुरू की जा सकती है। वन विभाग अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह योजना बना रहा है। वन विभाग ने अतिक्रमण कार्यों को सचेत करने के लिए मुनादी भी शुरू कर दी है। नए निर्माण पर सबसे पहले बुलडोजर चलाई जाने की उम्मीद है।

**सख्ती**

वन विभाग ने इसके लिए पुलिस प्रशासन को चिट्ठी लिखकर फोर्स उपलब्ध कराने को कहा है

**विकास** मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं, उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से रूबरू होंगे उद्योगपति

# कॉन्क्लेव: 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि की जाएगी आवंटित

**टीम एक्शन इंडिया**
**उज्जैन:** मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिसे आकार देने के लिए वृहद स्तर पर उज्जैन में 1 एवं 2 मार्च को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिससे उज्जैन, इंदौर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में औद्योगिक विकास के द्वार खुलेंगे। विशेष बात यह है कि इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मौके पर ही 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि आवंटित की जाएगी। जिसके सहित कुल 8000 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा। जिससे 12000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। साथ ही साथ प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में भी भूमिपूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अभी तक 662 बायर द्वारा और 2551 सेलर द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जो जारी हैं। कलेक्टर ने बताया कि बायर और सैलर में प्रमुख रूप से फूड और एग्रो प्रोडक्ट्स, सर्विस सेक्टर, इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, केमिकल एंड एलाइड प्रोडक्ट्स, टेक्सटाइल, प्लास्टिक ,



हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रिकल ,जेम एंड ज्वेलरी, रियल एस्टेट, लेदर, स्पोर्ट्स, फिश एंड मरीन प्रोडक्ट्स के सेक्टर शामिल है। देश में आईटी सेक्टर्स के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में यूएसए, फिजी, मंगोलिया के गवर्मेंट डेलीगेशन और जापान, जर्मनी के बिजनेस डिलेग्शन शामिल होंगे।

**भगवान महाकाल को विशेष भोग:** प्रदेश के सर्वांगीण विकास और इंडस्ट्री कांक्लेव के सफल आयोजन के लिए सर्वप्रथम भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया जाएगा। भगवान महाकाल को 6.25 क्विंटल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। यह विशेष प्रसाद इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों को भी दिया जाएगा।

**उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से रूबरू होंगे उद्योगपति:** मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण के साथ उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से भी उद्योगपतियों रूबरू होंगे। कालिदास, वराहमिहिर, बाणभट्ट, राजशेखर, पुष्पदंत, शंकराचार्य, वल्लभाचार्य, भर्तृहरि, दिवाकर, कात्यायन और बाण जैसे विविध क्षेत्रों के महान विद्वानों का उज्जैन से जुड़ाव रहा है। राजा विक्रमादित्य ने इस शहर को अपनी राजधानी बनाया। महान विद्वान संस्कृतक कालिदास राजा विक्रमादित्य के दरबार में थे। उज्जैन का वर्णन स्कंदपुराण में मिलता है और इसे मंगल गृह की उत्पत्ति का स्थान माना जाता है।